रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 33.5° | अधिक. 33.8°
न्यून. 23.6° | न्यून. 23.6°
रांची, शनिवार
07 जून 2025
वर्ष-26, अंक-125, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## भारत शांति का पक्षधर है

राष्ट्रीय नवीन मेल




**सदानंद सिंह यादव**
कवि एवं लोकगायक

लहराया केसरिया
रंग जब
सीमा के उस पार
बढ़े हमारे
वीर जवान
लिए हृदय में
अंगार।

ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित सेना के शौर्य का सम्मान पर मैं कहना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर देश है, लेकिन जब मातृभूमि पर खतरा आता है तो भारत सुदर्शन भी उठा सकता है। उन वीरों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिए ।नारी शक्ति और शौर्य का सम्मान है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता। जब-जब तिरंगा लहराता है, तब तब हमारी आस्था और बलिदान की परंपरा भी लहराती है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं बल्कि भारत की नारी शक्ति की रक्षा और सम्मान का प्रतीक है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि-
सिंदूर मिटाने वाले सुन
सिंदूर सदा जगमगाएगा ऑपरेशन सिंदूर तुझे समूल नष्ट कर जाएगा।
जय हिंद जय भारत।

### मुख्यमंत्री ने राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखी आधारशिला, कहा

# कृषि सेक्टर से पर्यावरण को नहीं पहुंचता है नुकसान

» किसानों की आय बढ़ाने एवं उन्हें सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कर रही कार्य : सीएम

» मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसानों से कहा- सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को मजबूत बनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किसानों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों की आय कैसे बढ़े, वे कैसे समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी हों, इस सोच के साथ हमारी सरकार उनके साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मेधा डेयरी प्लांट, होटवार में राज्य के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखने के उपरांत हरिवंश टाना भगत स्टेडियम, होटवार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है।

शेष पेज 9 पर

## धोनी कृषि क्षेत्र में ऊंचाई छू सकते है तो किसान क्यों नहीं

### मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक कृषि आज की जरूरत है। कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन कैसे बढ़े, इस पर भी विशेष ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्रिकेटर जब कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तो 24 घंटे खेती से जुड़ा रहने वाला किसान क्यों आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई माध्यमों से सहयोग कर रही है। ऐसे में आप अपनी खेती को व्यावसायिक स्वरूप देने की दिशा में कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि- पशुपालन का अहम योगदान है। यह बड़ी संख्या में लोगों के आजीविका का साधन है।

शेष पेज 9 पर

### पशुपालकों को बीमा युक्त पशुधन दे रही है राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों- पशुपालकों को अब जो भी पशु धन दिए जा रहे हैं उसका बीमा सरकार करा रही है ताकि, बीमारी अथवा किसी अन्य वजह से अगर पशु की मौत हो जाती है ,तो किसानों को किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। दुग्ध और मछली आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रहा आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध, मछली, मीट आदि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बने, इसके लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है । उन्होंने विश्वास जताया कि अगले 5 से 7 वर्षों में झारखंड इनके उत्पादन में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि निर्यात करने में भी सक्षम होगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध संग्रहण कार्य

शेष पेज 9 पर

### महिला जज का मामला : सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को दिया निर्देश

# चाइल्ड केयर लीव पर पुनर्विचार करें

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह एक एकल अभिभावक महिला न्यायिक अधिकारी की बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी (चाइल्ड केयर लीव) की याचिका पर पुनर्विचार करे। इस याचिका में उनके छुट्टी के अनुरोध को ठुकराए जाने को चुनौती दी गई है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को यह याचिका पिछले फैसले के प्रभाव में आए बिना दोबारा देखनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के वकील को आदेश दिया कि वह तीन दिन के भीतर इस मामले में जरूरी निर्देश प्राप्त करें, क्योंकि अगली सुनवाई अगले हफ्ते तय की गई है। हाईकोर्ट को यह सुझाव दिया गया कि बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी देने के अनुरोध पर पुनर्विचार किया जाए। बेंच ने हाईकोर्ट के वकील से यह भी कहा कि यह उचित होगा कि हाईकोर्ट खुद ही इस मुद्दे पर फिर से विचार करे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आगे के मामलों के लिए उदाहरण बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 29 मई को झारखंड सरकार और हाईकोर्ट रजिस्ट्री से जवाब मांगा था। यह जवाब एक महिला न्यायिक अधिकारी की याचिका पर मांगा गया था, जिसमें उन्होंने छह महीने की चाइल्ड केयर लीव न दिए जाने को चुनौती दी थी। महिला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) हैं और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से आती हैं। उन्होंने जून से दिसंबर तक के लिए छुट्टी मांगी थी, ताकि वह अपने बच्चे की परीक्षा की तैयारी में उसकी देखभाल कर सकें। चीफ जस्टिस (सीजेआई) की अध्यक्षता वाली बेंच ने पहले पूछा था कि उन्होंने यह

शेष पेज 9 पर

## एलन मस्क के स्टारलिंक को टेलीकॉम मंत्रालय से मिला लाइसेंस

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** एलन मस्क के स्टारलिंक को टेलीकॉम मंत्रालय



से एक प्रमुख लाइसेंस मिल गया है। शुक्रवार (6 जून 2025) को समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी कि सैटेलाइट प्रोवाइडर ने लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एक बड़ी बाधा पार कर ली है और देश में कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू करने के करीब पहुंच गई है।मालूम हो कि टेलीकॉम विभाग से लाइसेंस पाने वाली यह तीसरी कंपनी है। इसे पहले भारत में इयूटेलसेट के वन वेब और रिलायंस जियो के

शेष पेज 9 पर

## लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को अर्थव्यवस्था



के विकास की रफ्तार को बढ़ाने के लिए रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बड़ी कटौती कर इसे 6 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत करने का ऐलान किया।

रेपो रेट वह दर होती है, जिस पर आरबीआई बैंकों को लोन देता है। अगर इसमें कमी आती है तो बैंकों के लिए केंद्रीय बैंक से लोन लेना सस्ता हो जाएगा और वे ग्राहकों को भी सस्ती दरों पर लोन देन पाएंगे। ऐसे में रेपो रेट में 50 आधार या 0.50 प्रतिशत की कमी आ सीधा असर आपकी होम लोन ईएमआई पर होगा। आइए इसे उदाहरण से समझते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपने 50 लाख रुपए का होम लोन 8.50 प्रतिशत की ब्याज पर 20 वर्ष के लिए लिया हुआ है तो आपको पहले 43,391 रुपए की प्रति महीने ईएमआई देनी होती थी। लेकिन रेपो रेट में कटौती के बाद ब्याज दर 8 प्रतिशत हो जाएगी। इससे आपको अब ईएमआई के रूप में 41,822 रुपए देने होंगे।ब्याज दरों के कम होने से आपको 20 साल की अवधि वाले 50 लाख रुपए के लोन पर प्रति महीने 1,569 रुपए ईएमआई में कम देने होंगे

शेष पेज 9 पर

## कोरोना के सक्रिय मामले 5364, 24 घंटे में 4 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में आज कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 5000 का आंकड़ा पार कर 5,364 पहुंच गई । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में कोरोना के चार मरीजों की मौत हो गई। विभिन्न राज्यों में 4,724 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों और होम आइसोलेशन से छुट्टी दे दी गई है।

शेष पेज 9 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## राज्य में 12 तक मानसून के आसार नहीं, $4^0$ बढ़ेगा पारा



- चल रही नम हवा के रुख में बदलाव आ चुका है
- रांची का तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान $2^0$ बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अब 12 जून तक भी मानसून के आने के आसार नहीं हैं। प्रदेश में चल रही नम हवा के रुख में बदलाव आ चुका है। साथ अगले चार दिन में प्री मानसून की गतिविधियों में कमी आने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार अगले छह से सात दिन में राज्य में अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। 11 जून के बाद मानसून अनुकूल परिस्थितियां पैदा होने की उम्मीद है। देश में मानसून समय से पहले प्रवेश कर चुका है, लेकिन छह जून तक मानसून महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के दक्षिणी भाग, बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों समेत देश के उत्तर-पूर्वी राज्य और सिक्किम तक पहुंचा है। मानसून का नार्दर्न लिमिट के मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपतना, पुरी, सैंडहैड आइसलैंड और बालुरघाट तक कायम है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून तक राज्य में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

इस बीच कहीं-कहीं हल्की की उम्मीद है। अधिकांश जगहों पर मौसम सामान्य रहेगा। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान भी कुछ हिस्सों में बारिश हुई। इसमें देवघर, गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला आदि जिलों में हल्की बारिश हुई। इससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई। रांची का तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान करीब दो डिग्री बढ़ा। यहां का तापमान 33.8 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा का 38.2 डिग्री दर्ज किया गया।

## महाराष्ट्र सीएम के सामने 12 नक्सलियों ने हथियार सहित आत्मसमर्पण किया

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कवांडे गांव पहुंचे। अत्यंत दुर्गम और नक्सल प्रभावित इस इलाके का दौरा करने वाले देवेंद्र फडणवीस राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने। उनकी मौजूदगी में 12 नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। हथियारों के साथ आत्मसमर्पण की यह पहली घटना है। गढ़चिरौली में पूर्व में आत्मसमर्पण कर चुके 13 पूर्व नक्सलियों का शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री इसमें शामिल हुए और नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं दीं। सी-60 जवानों को सम्मानित किया और उन्हें अत्याधुनिक एके-103 हथियार और एएसएमआई पिस्तौल, बुलेटप्रूफ जैकेट भेंट किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनकी बहादुरी की प्रशंसा की। जिला योजना विकास निधि से 19 चार पहिया वाहन खरीदे गए हैं। उनमें से कुछ बुलेटप्रूफ वाहन हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को गाड़ियों की चाबी सौंपी।




# पाक जब 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी : पीएम

**कटरा (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के कटरा में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज, अंजनी पुल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।

पीएम मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए



पाकिस्तान ने टूरिस्ट पर हमला किया। टूरिज्म जो लगातार 4-5 साल से बढ़ रहा था। हर साल यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे। जिस टूरिज्म से जम्मू-कश्मीर के गरीबों के घर चलते हैं, उसको पाकिस्तान ने निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का नौजवान अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुका है। ये वो आतंकवाद है, जिसने घाटी में स्कूल जलाए, अस्पताल तबाह किए, जिसने कई पीढ़ियों को बर्बाद किया।

शेष पेज 9 पर

## जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे मोदी

### प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन कर दिया न्योता

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में जीत की बधाई दी और इस महीने के अंत में कनानास्किस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, भारत और कनाडा दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं और हमारे लोगों के बीच गहरे संबंध हैं।

### वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# झारखंड में आदिम जनजाति से बदतर है हरिजन वर्ग की स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी लगभग 50 लाख है। राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी हरिजन वर्ग सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ है। भूमिहीन हरिजन मजदूरी कर जीविका चलाते हैं। सफाई कर्मचारी, चर्मकार, भुइंया व मुसहर जाति की स्थिति राज्य के आदिम जनजाति से भी बदतर है। उनके आर्थिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं मुर्गी, बकरी व सूकर पालन तक ही सीमित है। झारखंड में



● अनुसूचित जाति राज्य आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुनर्जीवित करने की मांग

हरिजन वर्ग ठगा महसूस कर रहा है। श्री किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर अनुसूचित जाति राज्य आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुनर्जीवित करने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में हरिजन वोट लेने के उद्देश्य से भाजपा शासन काल में अनुसूचित जाति आयोग गठित कर अध्यक्ष की नियुक्ति की गयी थी। लेकिन, किसी पदाधिकारी को पदस्थापित नहीं करने के काराण आयोग कभी क्रियाशील नहीं हो सका। वर्तमान में आयोग अस्तित्व में ही नहीं है। इसी तरह राज्य के हरिजन जाति के संरक्षण व सामाजिक-आर्थिक विकास की नीति तैयार करने के लिए अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद भी गठित की गयी थी। लेकिन, पिछले 17 वर्षों से यह परिषद कल्याण विभाग के फाइलों में ही दर्ज होकर रह गयी है। यह राज्य की अनुसूचित जाति के साथ क्रूर मजाक की तरह है। भाजपा ने हरिजन जातियों के साथ राजनीतिक दृष्टिकोण से उपयोग करो और फेंक दो का सिद्धांत अपनाया। उन्होंने कहा है कि राज्य के हरिजन जाति के लोगों को इंडिया गठबंधन की सरकारा से बहुत उम्मीदें बंधी हैं। मुख्ख्यमंत्री अनुसूचित जाति राज्य आयोग व अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद को पुनर्जीवित करने का कष्ट करें।

## फ्लाई ओवार पर तेज रफ्तार थार ने बाइक व स्कूटी सवार को रौंदा



● पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल, दो की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में देर रात डोरंडा थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार थार कार ने कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर एक स्कूटी और बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तीन युवक घायल हो गए। खबर लिखे जाने तक दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बाइक थार में फंसी रही और थार उसे घसीटते हुए पुराने हाईकोर्ट तक ले गया। बाइक में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। थार में तीन लोग सवार थे एक युवती और दो युवक घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें थार में फंसी बाइक को निकालते हुए थार सवार नजर आ रहे हैं। थार में एक युवती और दो युवक सवार थे। हादसे के तुरंत बाद पुलिस की पीसीआर वैन मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही।

## बीएयू पांच गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करेगा



● कुलपति डॉ एससी दुबे ने चान्हो प्रखंड के सिलागाई गांव से अभियान की शुरुआत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशन में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के पांच गांवों को समग्र कृषि विकास हेतु बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा अंगीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा इन गांवों का आधार रेखा सर्वेक्षण तथा इसके आधार पर कार्य योजना तैयार कर सरकार को समर्पित किया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची जिला के चान्हो प्रखंड के सिलगाई गांव में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक दल ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा प्रतिमा स्थल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार के विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किसान-वैज्ञानिक इंटरफेस का भी आयोजन किया गया जिसमें करीब 100 किसानों ने भाग लिया। अपने संबोधन में कुलपति डॉ दुबे ने कहा कि सिलगाई गांव झारखंड का ऐतिहासिक गांव है जो शहीद वीर बुधु भगत के आदर्श पर चलता आ रहा है। विश्वविद्यालय इस गांव के समग्र विकास हेतु व्यापक अध्ययन कराएगा तथा इस आधार पर एक तीन वर्षीय योजना तैयार कर सरकार को समर्पित करेगा। वैज्ञानिक दल में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीके झा, सस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉ एस सेन गुप्ता तथा आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार उपस्थित थे। इंटरफेस कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों के दल द्वारा पीआरए एक्सरसाइज के माध्यम से किसानों के संसाधनों एवं समस्याओं तथा अपेक्षाओं का आकलन किया गया।

## कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करे राज्य सरकार : डॉ. सूरज मंडल

**रांची।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल



ने आजसू नेता, आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव और राष्ट्रीय सुढी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें धमकी देनेवाले की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की है। झारखंड की वर्तमान विधि व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि यह झारखंड की विडंबना ही कही जाएगी कि यहां न तो पत्रकार सुरक्षित है और ना ही सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता ही निडर होकर अपना काम कर सकते हैं। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुढी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल का यह मामला पोटका प्रखंड कार्यालय से आरटीआई मांगने से जुड़ा हो सकता है। यह जनहित से जुड़ा मामला है। इसलिये इस मामले की जांच पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा कराते हुए दोषी तत्वों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। साथ ही इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि इस मामले में पोटका प्रखंड कार्यालय के किसी पदाधिकारी या कर्मचारी की संलिप्ता तो नहीं है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे हैदराबाद के भाजपा कार्यालय, हुआ स्वागत



● आयुध निर्माणी मेडक का किया दौरा

● मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को हैदराबाद में भाजपा तेलंगाना मुख्यालय पहुंचे। जहां एक पेड़ मां के नाम के तहत वहां पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। स्थानीय पत्रकारों से संवाद किया। भाजपा मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। श्री सेठ ने कहा कार्यकर्ताओं के आत्मीय स्नेह और और सम्मान से अभीभूत हूं । इस अवसर कर भाजपा की सासंद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा, तेलंगाना के महासचिव कसम वेंकटेश, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौड़ और भाजपा प्रवक्ता दिलीप आचार्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद स्थित आयुध निर्माणी मेडक का दौरा किया। यहां पहुंचने पर संजय द्विवेदी, सीएमडी/एवीएनएल और सत्यव्रत मुखर्जी, निदेशक (संचालन) ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण किया, उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा की और इकाई की तैयारियों की सराहना की। सांसद, मेडक श्री रघुनंदन राव के साथ उन्होंने टैंक की सवारी की।

इसके अलावा हैदराबाद स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दौरा किया। उन्हें कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वार्ष्णेय, वीएसएम ने संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और नई प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने नई परियोजनाओं को देखा और ईएमई तकनीशियनों के काम और एमएसएम और स्टार्टअप के साथ-साथ रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में एमसीईएमई की पहल की सराहना की। उन्होंने एमसीईएमई के परिसर में एक पौधा भी लगाया।

# राज्य में सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही है : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए राज्य में सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि सड़कों के नाम पर घोटाले की परतें बिछाई जा रही हैं। कहा कि पथ निर्माण विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं संभाल रहे हैं, तो यह विभाग भ्रष्टाचार में कैसे पीछे रह सकता है? वैसे यहाँ पथ निर्माण विभाग में ठेकेदारों के चयन से लेकर टेंडर लेने-देने का काम कैसे होता, यह सर्वविदित है। कहा कि अगर टेंडर नए न्यूनतम दर में भी एलाट होता है तो बाद में ज़्यादा काम दिखाकर पेमेंट बढ़ा देने एवं इसके लिये मनमाना वसूली का खेल किसी से छिपा नहीं है। कहा कि लगता है हेमंत सोरेन ने ठान लिया है कि जब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स वाले आकर सबसे ज़्यादा घोटाले करने का रिकॉर्ड उनके नाम नहीं कर देते, वे रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले के पेशरार गांव में जिस 'सड़क' का निर्माण हो रहा है, वहां सड़क की गिट्टी, डामर या ग्रैन्युलर सब-बेस का नामोनिशान नहीं है। सीधे मिट्टी डाली जा रही है, और ऊपर से खानापूर्ति के लिए थोड़ा बहुत मसाला छिड़ककर सबकी आंखों में धूल झोंकी जा रही है। सड़क निर्माण में जीएसबी वह नींव होती है, जिस पर पूरी सड़क की ताक़त टिकी होती है, पर यहाँ तो नींव ही गायब है!

कहा कि जिस सरकार की नींव ही घोटालों और भ्रष्टाचार पर टिकी हो, वहाँ ये छोटी-मोटी सड़कें तो बारिश में बहने के लिए ही बनती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। हाँ, ध्यान रहे कि कहीं आपकी "चोर मंडली"उल्टे इस भ्रष्टाचार का वीडियो बनाने वाले पर ही झूठा मुक़दमा करवा कर उसे ही परेशान करने न लग जाय... जैसा आजकल आपके राज में हो रहा है।

### सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन आदिवासियों के साथ धोखा : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। श्री



मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 जून को गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कहा कि यह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया, लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर,राजधानी रांची के यातायात को जरूर सुगम बनाएगा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

### शांति और सौहार्द से बकरीद मनाने की अपील

# राजधानी में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में बकरीद के मद्दे नज़र शहर भर में फ्लैग मार्च निकला गया। रांची के सिटी एसपी, एडीएम लो एंड ऑडर,कोतवाली डीएसपी,सिटी डीएसपी सहित शहर के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा राजधानी रांची के चप्पे चप्पे में पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। वहीं असामाजिक तत्वों पर काफी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि किसी भी तरह का संदेह होने पर पुलिस को सूचना दें। पुलिस को गढ़ती हर चौक चौराहों पर रहेगी।

## न्यूज बॉक्स

### देवघर एम्स के निदेशक सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एम्स, देवघर के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय एवं उपनिदेशक (प्रशासन) अभिक दास ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एम्स देवघर में 11 जून को आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह के लए मुख्यमंत्री को आमन्त्रण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एम्स देवघर में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं और सेवाओं से अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने एम्स, देवघर के विस्तार से जुड़ी कार्य योजना की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

### जैक अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जैक के द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा-2025 के परिणाम से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

### बकरीद पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं : एसएसपी

**रांची।** बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए रांची पुलिस ने आम लोगों से अपील की है। डीआईजी सह रांची पुलिस कप्तान



चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला वासियों से कहा है कि ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को आपसी भाईचारे एवं सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक मनाएं। नमाज केवल निर्धारित स्थलों पर ही अदा करें। सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ इकट्ठी करने से बचें। किसी भी समुदाय, धर्म विशेष या व्यक्ति को ठेस पहुंचाने वाली भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो एवं आपत्तिजनक या भड़काऊ टिप्पणी सोशल मीडिया पर कदापि साझा न करें। सोशल मीडिया पर कोई भी तथ्यहीन अफ़वाह या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री साझा करना कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध आईटी एक्ट एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की उत्तेजक, भड़काऊ पोस्ट या संदेश देखने पर तुरंत अपने नजदीकी थाना, पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

### राजधानी में चोरों का आतंक, दिनदहाड़े फूड स्टॉल को कर दिया गायब

**रांची।** राजधानी रांची में चोरों बेखौफ होकर धड़ल्ले से चोरी की



घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। हरमू में फास्ट फूड की दुकान से नकद सहित पूरा ठेला गायब कर दिया गया। संचालक सन्नी कुमार को शुक्रवार को सुबह 6 बजे पता चला जब वे अपनी स्टॉल पर आए थे। संचालक सन्नी कुमार रांची स्थित इरगु टोली के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार और परिवार चलाने के लिए स्टॉल लगाते थे। फिलहाल पूरे क्षेत्र में चोरों का खौफ बना हुआ है। संचालक सन्नी ने के द्वारा अरगोड़ा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस के द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आस पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे वहीं आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित शिवपुरी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने गुरुवार की देर रात आत्महत्या कर ली। छात्र साहेबगंज जिले के 3 पहाड़ थाना क्षेत्र के बबन गामा गांव का रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार छात्र अपने देवघर निवासी दोस्त के साथ शिवपुरी में रहकर मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था। दोनों एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई कर रहे थे। हाल ही में उसके दोस्त के घर शादी थी, जिस कारण वह देवघर चला गया था। इसी बीच छात्र ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। जब आस-पास के लोगों को छात्र के कमरे से कोई हलचल नजर नहीं आई, तो उन्होंने शक के आधार पर कमरे का दरवाजा तोड़ा। छात्र को पंखे से लटका देख लोग तुरंत उसे रिम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नक्सली के नाम पर लेवी मांगने वाले दो अपराधी गिरफ्तार




**रांची।** राजधानी के नामकुम में गरुड़पीढ़ी स्थित पुल निर्माण के ठेकेदार को 22 मई को एमसीसी के नाम पर लेवी मांगने और धमकी देने के इरादे से फोन किया गया। मामले की जानकारी ठेकेदार ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस के जांच के क्रम में ठेकेदार ओर मुंशी को धमकी दिया गया फोन शिवा पाहन के घर से जप्त किया गया जो कि पूर्व में उग्रवादी घटना के मामले में जेल जा चुका है। वहीं, शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया तकनीकी के सहयोग घटना में शामिल सुखलाल मुंडा और सुखराम भेंगरा को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी खूंटी जिले के रहने वाले हैं। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि पूरे घटना में दोनों आरोपियों सहित 7 लोग शामिल है। वहीं एसएसपी ने बताया कि ये सभी आरोपी माओवादी से जुड़े तो हैं लेकिन उसी के लिए काम करते हैं इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस अन्य फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। साथ ही पता किया जा रहा है कि यह लोग माओवादी है या माओवादी के नाम पर लेवी मांग रहे हैं।

## इंडिया | ईमानदारी को कमजोरी बताने वाले बुद्धिजीवियों से सवाल

युद्ध और प्यार में सब जायज की कहावत के उलट जब भारतीय सेना प्रमुख ने बेबाकी से भारत को भी हुए नुकसान को स्वीकार किया तो कुछ नेता, कथित प्रगतिशील और निष्पक्ष पत्रकार इसे सेना की कमजोरी बता मजाक उड़ाने लगे।क्या



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

युद्ध एकतरफ कभी हुआ है जो भारत का बाल भी बांका न हो यदि नुकसान भारत का भी हुआ तो इसमें आश्चर्य कैसा? सच यह है कि अमेरिका या चीन के उलट भारत ने युद्ध में होने वाले अपने नुकसानों को कभी भी छिपाने का प्रयास नहीं किया है, इसलिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्वारा हाल ही में सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा फोरम से इतर दिए गए उनके साक्षात्कारों की आलोचना करना बिल्कुल अनुचित है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चलाए गए अभियानों में लड़ाकू विमानों को क्षति पहुंचने की जो बात उन्होंने स्वीकार की है उसे कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में इस तरह से पेश किया जा रहा है मानो उन्होंने कोई बहुत बड़ा और जघन्य अपराध कर दिया हो। संघर्ष विराम लागू होने के बाद जनरल चौहान की टिप्पणी पहली बार आधिकारिक स्वीकारोक्ति थी कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती चरण में हवा में लड़ाकू विमानों को नुकसान पहुंचा। सिंगापुर मीटिंग क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, चुनौतियों और नीतिगत प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करने के लिए एक अंतर-सरकारी सुरक्षा सम्मेलन है। विभिन्न देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विचारों और दृष्टिकोणों का स्वतंत्र रूप से और सम्मानपूर्वक आदान-प्रदान किया, तब जनरल चौहान की टिप्पणी को इसी संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए। हालांकि, जब ब्लूमबर्ग समाचार एजेंसी द्वारा उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान का दावा है कि उसने छह भारतीय विमानों को मार गिराया था तब इस पर सीडीएस चौहान ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह 'बिल्कुल झूठा और खोखला' दावा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जरूरी यह नहीं है कि क्या विमान गिरे, परंतु आवश्यक यह है कि ये गिरे ही क्यों? भारत ने भी अपनी 'रणनीतिक गलतियों' में तत्काल सुधार किया और पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में सटीक हमले पुनः शुरू कर दिए। सीडीएस जनरल चौहान की यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे के विरुद्ध सैन्य हमले बंद करने पर सहमति जताए जाने के ठीक तीन सप्ताह बाद आई। यहां यह स्पष्ट कर देना उचित रहेगा कि वैसे तो युद्धों में विमानों को नुकसान पहुंचना आम बात है। फिर, संघर्ष के दौरान या उसके बाद भारतीय वायुसेना ने कभी भी किसी विमान के नुकसान की बात से इंकार भी नहीं किया। संघर्ष विराम के एक दिन बाद 11 मई को वायु अभियानों के निदेशक एयर मार्शल एके भारती ने मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे कि भारत ने कोई विमान खोया है अथवा नहीं और 'नुकसान होना प्रत्येक संघर्ष का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन भारतीय सेना ने अपने सभी लक्षित लक्ष्यों को हासिल कर लिया है और भारतीय वायुसेना के सभी पायलट घर लौट आए हैं।' एयर



मार्शल भारती ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए उच्च और सटीक जवाबी हमलों के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना ने अपने कुछ विमान गंवा दिए तथा उसकी संपत्तियों और हवाई ठिकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा। सबसे अच्छी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए हमारी वायुसेना शुरुआती विमानों को हुए नुकसान से बिल्कुल भी घबराई नहीं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। यह एक पेशेवर बल के आत्मविश्वास को दर्शाता है। वास्तविकता यह है कि 10 मई को भारतीय वायुसेना ने विभिन्न बमों के साथ सभी प्रकार के विमान उड़ाए थे और पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में स्थित वायुसैनिक ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें रावलपिंडी का नूर खान वायुसैनिक अड्डा भी शामिल था। जैसा कि सीडीएस जनरल चौहान ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलती को समझ पाए, हमने उसका समाधान किया, उसे सुधारा और दो दिन बाद उसे फिर से लागू किया। हमने अपने सभी जेट विमानों को फिर से उड़ाया तथा लंबी दूरी पर निशाना साधा।'सवाल यह है कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान के बयान पर इतनी ज्यादा राजनीति क्यों और किस लिए हो रही है? कुछ रिटायर्ड पत्रकारों द्वारा इतना हंगामा क्यों बरपाया जा रहा है? कोई भी देश अपने सैन्य अभियानों के ब्यौरे का खुलासा तब तक नहीं करता है, जब तक कि वे खत्म नहीं हो जाते। संघर्षों के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान का हमेशा गलतियों को सुधारने के लिए गहराई से विश्लेषण किया जाता है और भारत ने भी यही किया। सेना पर गर्व करने के बजाय कुछ राजनेताओं द्वारा ऐसा दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि सरकार द्वारा राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का निर्णय लेने की वजह से कुछ गलती हो गई है? राष्ट्रीय हित में सवाल उठाने के लिए विपक्ष के पास निश्चित रूप से अपने कारण हैं, लेकिन इसे राजनीतिक हितों से प्रेरित नहीं होना चाहिए।

# राजधानी में पार्किंग के हैं गजब नियम कदम-कदम पर देना पड़ता है पार्किंग शुल्क

## पार्किंग व्यवस्था के मामले में राजधानी से बेहतर है बिष्टुपुर

**काजल मेहता**

राजधानी रांची के मेन रोड में पार्किंग की गजब व्यवस्था है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य के अलग-अलग जिलों में पार्किंग के सिस्टम अलग-अलग है। झारखंड की राजधानी रांची के मेन रोड में पार्किंग वसूलने के तरीके अलग-अलग हैं। सुजाता चौक से लेकर आगे जितने मॉल हैं सभी के पास पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। राजधानी वासी जिन्हें जानकारी है उनके लिए तो सहूलियत है लेकिन जो बाहरी हैं उन्हें काफी परेशानी हो जाती है। हर दो कदम पर मॉल के बाहर निगम के एजेंट्स द्वारा दो पहिया वाहन का तीन घंटे के हिसाब से 30 रुपए वसूला जाता हैं। वहीं चार पहिया वाहनों के लिए भी 30 रुपए लिए जाते हैं। आश्चर्य की बात है कि 50 मीटर के दायरे में भी यदि मॉल है और अपने दोपहिया या चार पहिया वाहनों को लेकर एक मॉल से दूसरे मॉल में जाते हैं तो व्यक्ति को दूसरे मॉल में भी पार्किंग देना होगा। जबकि झारखंड राज्य के ही जमेशपुर के बिष्टुपुर में एक बार पार्किंग देने के बाद पूरे क्षेत्र में कहीं दूसरी पार्किंग नहीं लगती है। राजधानी में पार्किंग की व्यवस्था पर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। मॉल में भी निजी पार्किंग वसूली जा रही है तो कहीं हर दो कदम पर पार्किंग वसूली जा रही है। प्रतिदिन राजधानी में दूसरे जिले से लोगों का आना बना रहता है। ऐसे में पार्किंग के इस लाचार व्यवस्था का शिकार जनता हो रही है जिसे पार्किंग सिस्टम के बारे में पता नहीं है।




## रांची में हुई सबसे लंबे कार्तिक उरांव फ्लाईओवर की शुरुआत

# 2.34 किमी का सफर चंद मिनटों में तय




**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रांची वासियों में कौतूहल का विषय बना कार्तिक उरांव फ्लाईओवर की शुरुआत हो गई है। सिरमटोली और मेकॉन के बीच बने इस फोरलेन फ्लाईओवर का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को किया था। अनेक बाइक और कार सवार फ्लाईओवर देखने पहुंच रहे हैं और झारखंड के विकास पर नाज कर रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि जाम से निजात मिली है और 2.34 किमी की दूरी चंद मिनटों में तय हो रही है। राजधानीवासियों में खुशी का माहौल है( वहीं रविवार की रात एक भीषण दुघर्टना हुई जहां तीन लोगों के घायल गए है। फ्लाईओवर के चालू होने से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिल रही है। वहीं फ्लाईओवर को लोगों ने रील बनाने का अड्डा बना दिया है। कई युवा खतरनाक ढंग से रील बनाते नजर आ रहे हैं।



**तेज प्रताप उरांव** ने कहा कि अच्छा रास्ता बना है, चलने में सहूलियत हुई है। लोगों में उत्साह है और रास्ते पर लोग रील बनाते नजर आ रहे हैं।



**साजन राजवार** ने कहा कि फ्लाईओवर में घुम कर अच्छा लग रहा है। मेकॉन में चढ़ा था बहुत कम समय में सिरमटोली चौक पहुंच गया।



**गार्ड ललन यादव** ने कहा कि लाइन क्लीयर है लोगों को समय की बचत हो रही है। आवागमन की सुविधा बढ़ी है अब यहां जाम नहीं लग रहा है लेकिन कुछ लोग गलत ढंग से फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर रहे हैं जो ठीक नहीं है।

## विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर व एलटी लाइन के सुदृढीकरण को लेकर बैठक

# हमारा लक्ष्य प्रत्येक घर तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचे : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में आरडीएसएस एवं एमयूजेवाई योजना से कराए जा रहे रहे विद्युत लाइन, ट्रान्सफार्मर एवं एलटी लाइन के सुदृढीकरण कार्यों के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु बैठक आयोजित की गई ।बैठक में सभी कार्यपालक अभियंता एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में रांची जिला प्रशासन द्वारा पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) और मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना (एमयूजेवाई) के तहत जिले में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

राँची जिले में आरडीएसएस और एमयूजेवाई योजनाओं के अंतर्गत विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर, और लो-टेंशन (एलटी) लाइनों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने, और समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करना एवं इन योजनाओं का लक्ष्य जिले में निर्बाध, सुरक्षित, और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता में सुधार हो सके।



● बिजली चोरी या अवैध कनेक्शन से बचें

### काम में समयबद्धता जरुरी

परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए ठेकेदारों और विद्युत विभाग को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी के लिए एक प्रभावी तंत्र स्थापित करने पर जोर दिया गया। इसके लिए जिला स्तर पर एक समर्पित निगरानी समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इन योजनाओं के कार्यान्वयन में सहयोग करें और बिजली चोरी या अवैध कनेक्शन से बचें। इसके लिए जागरुकता अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि योजनाओं के लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें।

### स्मार्ट मीटर स्थापना

स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में प्रगति की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि मीटर स्थापना में गुणवत्ता और समयसीमा का पालन हो।

### समस्याओं का समाधान

कार्यान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण, स्थानीय समन्वय, और तकनीकी बाधाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

## बकरीद मनाने के लिए मस्जिदों, ईदगाह के पास हुई सफाई

**रांची।** बकरीद को लेकर शहर की सौ मस्जिदों के अलावा ईदगाह, इमामबाड़ा व आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार को सफाई कराई गई। कई जगह ब्लीचिंग पाउडर भी छिड़का गया। इससे पूर्व व्यवस्था को लेकर अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को निगम सभागार में बैठक हुई। बैठक में स्वच्छता शाखा की ओर से बुनियादी सुविधा बहाल करने को लेकर ऑन द स्पॉट चार टीम का गठन किया गया। गठित टीम में शामिल कर्मियों को क्षेत्र भ्रमण कर व्यवस्था बहाल करने का निर्देश अपर प्रशासक ने दिया। बैठक के बाद अपर प्रशासक समेत अन्य ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

## चौकीदार सीधी नियुक्ति परीक्षा समिति की बैठक

# अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों व स्वास्थ्य जांच के बाद परिणाम जारी किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में चौकीदार सीधी नियुक्ति परीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, एडीएम नक्सल सुदर्शन मुर्मू, सिविल सर्जन सदर रांची डॉ. प्रभात कुमार, उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा रांची सह स्थापना उप समाहर्ता बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार उपस्थित थे। प्रमाण पत्रों की जांच के लिए



सूची प्रकाशित की जा रही है। यह अंतिम परिणाम नहीं है। अभ्यर्थी को सभी अहर्ता यथा शैक्षणिक योग्यता, आवासीय संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होने की अनिवार्यता पूर्ण करना अनिवार्य होगा। किसी भी स्तर पर किसी भी समय अभ्यर्थी के अर्हता संबंधी कोई विशेष त्रुटि/ नियमानुसार पात्रता नहीं रहने का मामला संज्ञान में आने पर/अन्य कारणों से अभ्यर्थियों की अभ्यथिता रद्द/संशोधित करने का सर्वाधिकार नियुक्ति / चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। सभी अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच 14 जून को निर्धारित की गई है।

# सीसीएल में अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय स्थित प्रकाश सभागार में पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 02 से 06 जून तक आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीसीएल में प्रशासनिक कार्यों के दौरान हिंदी अनुवाद की गुणवत्ता, सटीकता तथा सुगमता को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रतिदिन दो सत्रों में व्यावहारिक एवं प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक दक्षता एवं भाषिक संवेदनशीलता के साथ हिंदी का प्रयोग कर सकें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर थे। उन्होंने केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो से पधारी सहायक निदेशक लेखा सरीन को पुष्पगुच्छ एवं झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक स्मृति



● प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का उपयोग कार्यस्थलों पर करें : संजय

चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देते हुए कहा, "इस कार्यक्रम की सफलता तभी पूर्ण रूप से सार्थक होगी जब प्रतिभागी प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग अपने कार्यस्थलों पर करें। उन्होंने अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास, तकनीकी उपकरणों की जानकारी एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग पर बल दिया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से पधारे सहायक निदेशक लेखा सरीन एवं डॉ. मोहन चंद्र बहुगुणा द्वारा किया गया। उन्होंने 'संघ की राजभाषा नीति', 'कार्यालयीन अनुवाद की प्रविधियां, तथा 'तकनीकी उपकरणों के प्रयोग' जैसे विषयों पर व्यावहारिक, विश्लेषणात्मक एवं सहभागितात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सीसीएल की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह कर्मचारियों की भाषाई दक्षता एवं व्यावसायिक क्षमता को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में भी उल्लेखनीय है।

## सात विश्वविद्यालयों को मिलेंगे नए रजिस्ट्रार

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने गैर-शिक्षण अधिकारी (रजिस्ट्रार) पदों पर भर्ती परिणाम जारी कर दिया है। यह नियुक्ति विज्ञापन संख्या 23/2023 के अंतर्गत की गई है। आयोग द्वारा जारी सूची में राज्य के सात विश्वविद्यालयों के लिए कुल 7 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

## श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी उत्सव श्रद्धा भाव से मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को निर्जला एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव वातावरण में आयोजित किया गया । सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का अत्यधिक महत्व माना गया है , मान्यता है कि गंगा दशहरा के दूसरे दिन निर्जला एकादशी को पृथ्वी पर प्रभु की कृपा साक्षात बराती है। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब , मोगरा एवम तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान



बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा - फल - खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढणनीयां, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

## श्रीवैष्णवों की निर्जला एकादशी आज मनाई जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की प्रसिद्ध निर्जला एकादशी व्रत का मान शनिवार को है। अधिक दशमी तिथि का मान नषेध के कारण वैष्णवों की एकादशी व्रत द्वादशी युक्त तिथि शनिवार को होगी । निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। इस एकादशी व्रत में स्नान व आचमन के अतिरिक्त जरा भी जल ग्रहण नहीं करना चाहिए। इस एकादशी का व्रत रखने से सभी एकादशी व्रतों के फल की प्राप्ति सहज ही हो जाती है। जिन्होंने शम, दम और दान में प्रवृत्त हो श्रीहरि की पूजा और रात्रि में जागरण करते हुए इस निर्जला एकादशी का व्रत किया है, उन्होंने अपने साथ ही बीती हुई



सौ पीढ़ियां को और आने वाली सौ पीढियों को भगवान् श्रीमन्नारायण वासुदेव के परमधाम में पहुंचा दिया है। निर्जला एकादशी के दिन भगवान वेंकटेश्वर श्रीकेशव की प्रसन्नता के लिए निराहार रहकर आचमन के सिवा दूसरे जल का भी त्याग करने द्वादशी को वेंकटेश्वर श्रीहरि विष्णु का पूजन करना चाहिये। गंध, धूप, पुष्प और सुंदर वस्त्र से विधिपूर्वक पूजन करके अर्चना करनी चाहिये। ऐसा करने से मनुष्य भगवान विष्णु के समीप पहुंचकर आनंद का अनुभव करता है।




### जंगल बचाओ अभियान और पौधरोपण का आयोजन किया

# पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर लोगों ने पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर लुपुंग पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी की पहल पर खापचाबेड़ा ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जंगल बचाओ अभियान और पौधरोपण का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन और समुदाय के लोगों का सक्रिय भागीदारी रहा।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, जल सहिया दीदी नूतन देवी और सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य भवानी देवी, आंगनबाड़ी सेविका फूलमणि उरांव, सहायिका पार्वती देवी, गौर चंद्र उरांव, पंचायत चिकित्सा प्रभारी सुनंदा जयसवाल, सुकुमार विश्वकर्मा,राम गोपाल केडिया और बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पुराने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर और नए पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि समुदाय के बीच एकजुटता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी।इस प्रकार के आयोजनों से निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और वे प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका को समझेंगे।

## सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों में रोष

**ठाकुरगांव** । बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया स्कूल से सोबा नदी भाया बंसरी सड़क का पक्कीकरण कार्य का स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग से मिली है। सड़क का टेंडर भी हो गया है लेकिन इतने दिन बाद भी उक्त सड़क का काम शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। विदित हो कि उक्त सड़क के खराब रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई गांवों के ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय आवागमन का उक्त सड़क ही मुख्य मार्ग है। ग्रामीण जनार्दन साहु, परिबा साहु, मुखिया दशरथ उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, ग्राम प्रधान शिबु पाहन,कलेश्वर महतो ने कहा कि संवेदक द्वारा जल्द ही काम शुरू नहीं किया जायेगा तो ग्रामीण विवश होकर आरईओ ऑफिस का घेराव करने को विवश होंगे। वहीं मामले पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि संवेदक से बात कर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

### ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

# सेल रांची ने मेकॉन को हराया



**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के अंतर्गत मेकॉन स्टेडियम में शुक्रवार को ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सेल यूनिट रांची ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 51 रनों से हरा दिया। सेल यूनिट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.4 ओवर में 206 रन बनाए। पंकज कुमार (59 रन, 4 छक्के), विकास कुमार (39 रन) और उत्तम कुमार (31 रन) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब 39.2 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच पंकज यादव ने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। गेंदबाजी में प्रशांत सुमन और मोहित कुमार ने 2-2 विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार श्रेष्ठ सागर को मिला। इस अवसर पर सेल आरएंडडी से कार्यपालक निदेशक श्री संदीप कुमार कर, सीजीएम एचआर, सेल प्रबंधन और सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारियों ने सेल टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।

## न्यूज बॉक्स

### इंटरमीडिएट कला संकाय में एस एस+2 विद्यालय के विद्यार्थियों का रहा बेहतर प्रदर्शन



**सिल्ली।** विगत गुरुवार के दिन झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट कला संकाय का परीक्षाफल जारी किया जिसमें एस एस+2 विद्यालय सिल्ली के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय की ओर से कुल 116 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें 83 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 33 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय स्तर पर नेहा कुमारी 431 अंक लाकर प्रथम स्थान,नितेश बेदिया 396 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं रजनी कुमारी 395 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बेहतर परिणाम हासिल करने में बच्चों ने काफी कठोर परिश्रम किया और साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं ने सही मार्गदर्शन के साथ बच्चों को अध्ययन करने में काफी मदद की जिससे बच्चों ने बेहतर प्रणाम हासिल किया। पूरे विद्यालय परिवार ने बेहतर प्रणाम हासिल करने पर बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रूडसेट संस्थान सिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी,सिल्ली प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र बड़ाईक और संस्थान के निदेशक संजीत कुमार के नेतृत्व में संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए किया गया ताकि शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा, शुद्ध जल हम सभी को मिल सके,जिससे हम सभी लोगों का जीवन स्वस्थ और बेहतर हो। मुख्य अतिथि के द्वारा रूडसेट संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधा रोपण किया गया और प्रशिक्षणार्थी को पर्यावरण को बचाने के लिए संदेश दिया गया कि पर्यावरण है तभी हम सब सुरक्षित है। इस तरह का कार्यक्रम से लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा इसके संरक्षण में सभी लोगों को मिलकर अपना अपना योगदान देना है एवं साथ ही अपने अपने घर जाकर एक एक पौधा भी लगाना है। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश महतो, दशरथ महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित थे।

## चान्हो संगठन सृजन अभियान पर की गई चर्चा



**चान्हो।** प्रखंड विधायक कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने किया। वहीं संचालन युवा अध्यक्ष इरशाद खान एवं जिला सचिव मंगलेशवर उरांव ने किया। बैठक को मुखिया शिव उरांव, जिला सचिव अजीत कुमार सिंह ने संबोधित किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है साथ ही राहुल गांधी की ओर से उठाए गए मुद्दों को जन जन तक पहुंचाना है। बैठक में नवनियुक प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड उपाध्यक्ष सहित सभी प्रखंड के महासचिव को बुके एवं माला पहना कर स्वागत किया गया। बैठक में पीसीसी डेलीगेट दिलीप सिंह, शशि साहू, महादेव उरांव, झरिता उरांव , सुधीर लकड़ा, नेपाल उरांव, बसंत उरांव, लोधो उरांव, जावेद अहमद, चरवा उरांव, जुल्फिकार अली, आलोक मिंज, दिलीप राम, जोसेफिन मिंज, हफीजूल अंसारी, शिबू उरांव, बसंत राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### हैदराबाद की टीम बेकन फैक्ट्री का निरीक्षण करने पहुंची रांची

# कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री का प्रयास रंग लाने लगा है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कांके में बंद राजकीय बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का प्रयास रंग लाने लगा है। नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद की दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को बेकन फैक्ट्री का स्थल निरीक्षण किया। हैदराबाद से आए डॉ एम मुत्थु कुमार और डॉ योगेश पी गोडकर फैक्ट्री के निरीक्षण के बाद काफी आशान्वित नजर आए। बेकन फैक्ट्री में स्लॉटर सेक्शन, मशीन रहित कार्य और प्रशिक्षण केंद्र के तौर पर इसे अगले कुछ महीनों में आरंभ करने की उम्मीद जताई गई है। आपको बता दें की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 28 से 30 अप्रैल तक तेलंगाना दौरा के क्रम में नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद के अधिकारियों के साथ बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बैठक की थी। इसी पहल के बाद हैदराबाद से संस्थान के दो डॉक्टरों ने बेकन फैक्ट्री की वर्तमान हालात का निरीक्षण किया है। इस निरीक्षण के बाद बेकन फैक्ट्री को फिर संचालित करने के लिए नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद की टीम विभाग को अपना आवश्यक परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी । निरीक्षण के क्रम में टीम ने ये पाया है कि स्लॉटर सेक्शन की स्थिति 70 से 80 प्रतिशत तक बेहतर है । इस स्थिति में बहुत कम खर्च पर स्लॉटर सेक्शन को फिर से शुरू किया जा सकता है ।

### उदय लोहारा 78.6 अंक के साथ बना विद्यालय टॉपर



**पिठौरिया।** क्षेत्र के राजकीय कृत उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय पिठौरिया इंटरमीडिएट आर्ट्स का रिजल्ट घोषित किया गया।इसमें 99.42 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल हुए। पिछले वर्ष का रिजल्ट भी 99 प्रतिशत से ऊपर था। विद्यालय के टॉप सिक्स बच्चे उदय लोहारा 78.6 प्रतिशत , बेबी उरांव 76 प्रतिशत ,तानिया परवीन 71 प्रतिशत सुमन तिर्की 70.8 प्रतिशत श्रुति कुमारी 70.4 प्रतिशत और पूर्णिमा कुमारी 69.6 प्रतिशत के साथ पास हुए।इस बार विद्यालय से कुल 175 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 40 बच्चे प्रथम श्रेणी ,128 बच्चे द्वितीय श्रेणी और 06 बच्चे तृतीय श्रेणी से पास हुए।

## अफवाहों से बचें, किसी भी अप्रिय घटना की सूचना दें : सीओ



**रातू** । किसी भी त्यौहार में अफवाहों से बचे। यदि कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना मिले तो इसकी सूचना थाना को दें। उक्त बातें रातू सीओ रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को रातू थाना में बकरीद पर आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि बकरीद की त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं एवं कुर्बानी के बाद अवशेषों को आबादी से दूर गढ़े में गाड़ दें।

## नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले कराटे प्लेयर्स का कैंप संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज में एक दिवसीय विशेष कराटे कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प उनके लिए आयोजित किया गया था जो कराटे प्लेयर्स पिछले दिन स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के द्वारा आयोजित झारखंड राज्य सब जूनियर ,कैडेट , जूनियर 2025 कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे। कैम्प में सेंसाई हेजाज असदक ,शिहान रंजीत मेहता,शिहान संजय मिश्रा,सेंसाई सुमित कुमार द्वारा कराटे प्लेयर्स को कुमिते एवं काता का ट्रेनिंग दिया गया। सभी कराटे खिलाड़ियों को वर्ल्ड कराटे के उस नियमों को बताया गया जिसके आधार पर काता एवम् कुमिते में प्वाइंट हासिल किया जा सकता है।

### बकरीद को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, उपद्रवियों पर रहेगी कड़ी नजर



**सिल्ली।** सिल्ली थाना के प्रांगण में शुक्रवार के दिन संध्या 4 बजे से बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया एवं अध्यक्षता सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने किया। आज रहेंगें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और उपद्रवियों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर। बैठक के दौरान रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड उप प्रमुख आरती देवी, जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) प्रतिनिधि डॉक्टर अखिल महतो ने सभी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। थानाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व समाज में अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें ताकि समय रहते करवाई किया जा सके। किसी प्रकार की हुड़दंग और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। त्योहार के दिन लगातार पुलिस की गश्ती जारी रहेगी। बैठक में त्योहार को लेकर सरकार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराया गया।

## आदर्श उच्च विद्यालय शांतिनगर के पहले इंटर बैच के तीनों संकायों का शानदार परिणाम

- **अर्चना कला 77.6, प्रिया विज्ञान 77.2 व सोनाली वाणिज्य 70.2 के साथ विद्यालय टापर बनी**



**खलारी।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट एवं माध्यमिक परीक्षा 2025 में आदर्श उच्च विद्यालय, शांतिनगर, खलारी के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह विद्यालय का पहला इंटरमीडिएट बैच था, जिसकी पढ़ाई 10 जुलाई 2023 को आरंभ हुई थी। बावजूद इसके, छात्रों ने तीनों संकायों में शानदार सफलता प्राप्त की। इंटरमीडिएट कला संकाय में अर्चना गंझू, पिता सुरेश गंझू 77.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर बनी। नेहा उरांव ने 75.8 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान और सीमा कुमारी ने 74.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

## सत्य, तपस्या और त्याग की कुर्बानी है बकरीद

**बकरीद पर विशेष**



**रांची।** ईद उल अजहा हर साल कुर्बानी की याद दिलाता है। ईद उल अजहा को भारत मे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। इस्लाम धर्म के अनुयायी इस मुबारक दिन पर अल्लाह के राह में पशुओं की क़ुर्बानी देते हैं। ये एक खास दिन है जो तीन दिनों तक चलता है। ये त्योहार पूरी दुनिया में इस्लाम मजहब का दूसरा अहम त्यौहार है। ईद उल- अजहा जो अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ कुर्बानी की ईद है। बुनियादी तौर पर यह हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है,जो अपने पुत्र हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की सत्य, तपस्या, त्याग और बलिदान की कहानी है। जिस पर हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम हर कठिन परीक्षा में खरे उतरते हैं और बेटे इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने के लिए जमीन में लिटा देते हैं। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का नियम पूरी दुनिया के मुसलमानो पर लागू हुआ। तीन दिन सपने में पुत्र को अल्लाह की राह में क़ुर्बानी दिये जाने का हुकुम ईलाही एक सुन्नत बन कर दुनिया के मुसलमानो पर उभर आयी। हजरत इब्राहिम जो अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे लेकिन अल्लाह के हुकुम के आगे वह बेटे को कुर्बान करने को तैयार हो जाते हैं। पैगंबर हजरत इब्राहिम की इस सुन्नत को जिंदा रखने के लिए दुनिया भर के मुसलमान इसकी याद में जानवरों की कुर्बानी करते हैं। यह दास्तान सत्य, तपस्या, त्याग और बलिदान पर आधारित है जो दुनिया के प्रलय होने तक जारी रहेगा और दुनिया में जब तक मुसलमान है इस परंपरा को निभाते रहेंगे।

### निर्जला एकादशी पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर में निर्जला एकादशी मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, महाप्रसाद भोग, भजन-कीर्तन एवं सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्याम जी को फल, मेवा, चूरमा, पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं महाआरती की गई। तत्पश्चात भजन कीर्तन के कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने सुमधुर मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथ जोड़कर परिवार के सुख शांति समृद्धि के लिए श्री राधा- कृष्ण से प्रार्थना की। एवं सबों ने सामूहिक महाआरती में भाग लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि निर्जला एकादशी व्रत हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है। तथा इस दिन श्री हरि विष्णु जी के व्रत एवं पूजन से समस्त दुखों से छुटकारा मिलता है। तथा इस दिन की गई पूजा और दान से जीवन में सुख समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है, निर्जला एकादशी का व्रत न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह व्यक्ति के मानसिक और आध्यात्मिक विकास में भी सहायक होता है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ,पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, पवन पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, गिरधारी सर्राफ, दीपक सर्राफ, शशि, कांता, अनुराधा, अंजलि, तरुण, अतुल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।



# बिजनेस के नाम पर 20 लाख की ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया**



- **आरोपी की गिरफ्तारी और पैसे की वापसी करने की मांग प्रशासन से की है**

बिजनेस और तरक्की का सब्ज बाग दिखाकर बेरोजगार युवकों से करोड़ों रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार एक भुक्त भोगी सरफराज अंसारी ने पिठोरिया थाना में एक ठगी का मामला दर्ज किया है। दर्ज मामले के अनुसार नजरे आलम नामक युवक ने दर्जनों बेरोजगार युवकों से बिजनेस करने एवं मोटी मुनाफा की रकम देने की लालच देकर रुपए ठग लिया है आरोपी ने सर्वप्रथम 13 जनवरी 2024 को दो लाख पच्चीस हजार रूपए (225000) प्रति पीड़ितों से ले लिया साथ ही बिजनेस में इन रूपयो को लगाकर इसका मोटा मुनाफा युवको को देने का लालच देकर दोनों पक्षों के बीच एकरारनामा भी हुआ। बीच में पीड़ितों को मुनाफे के नाम पर कई बार चेक भी दिए गए पर सभी चेक बाउंस करता गया ।पीड़ितों ने तंग आकर जब अपना मुनाफा और मूलधन की मांग करने लगे तो आरोपी पीड़ित बेरोजगारों को जान से मरवाने की धमकी भी देने लगा तब अंत में भुक्त भोगियों ने पिठोरिया थाने में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी और पैसे की वापसी करने की मांग प्रशासन से की है। गौरतलब है कि पीड़ितों ने आरटीजीएस द्वारा भी पैसे का भुगतान किया गया है इस मामले में सरफराज अंसारी के साथ-साथ रुद्र कच्छप, अतीक अहमद महावीर मुंडा ,गुल मोहम्मद अंसारी के साथ अन्य दर्जनों लोग शामिल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नजरे आलम आइडियल फाउंडेशन नामक संस्था भी चलाता है और इसी संस्था के खाते का प्रयोग कर वह बेरोजगार युवकों को आसानी से अपने झांसे में फंसा लेता है।

पिथोरिया पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने संबंध में बताया कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा।

### पांच परगना फुटबॉल लीग का महामुकावला आज

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले संचालित तमाड़ का बहूचर्चित दो माह तक चलने वाला एकमात्र फुटबॉल लीग का फाइनल महामुकावला राज स्पोर्ट्स बुंडू और एफ सी आर्राडीह के बीच शनिवार को अपराह्न 2 बजे जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान पर होग़ा। दोनों ही टीम काफ़ी मजबूत माना जा रहा है। दोनों टीम मे स्टार खिलाड़ी है जिसके बदलत फाइनल मे जीत का दावा दोनों ही टीम कर रहें है। फुटबॉल का फाइनल मुकावला से पहले सुबह 9 बजे से चार क्रिकेट टीमों के बीच मैत्री मैच खेला जायेगा। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि के रूप मे तमाड़ बिधायक विकास कुमार मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी विमल बिरुवा और अर्चरी रियो ओलम्पिक मे रजत एवं अर्चरी ओल्ड कप मे गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्मी रानी मांझी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा और सचिव निशांत भेंगरा ने संयुक्त रूप से दी।

# बकरीद को लेकर खलारी थाना में शांति समिति की हुई बैठक

- **शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा पर्व, प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पर रोक**

**खलारी।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्योहार को लेकर शुक्रवार को खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित मांस वाले पशुओं की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित है। कुर्बानी का कार्य निजी परिसरों में पर्दे के भीतर किया जाए, किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी देना प्रतिबंधित है। साथ ही, कुर्बानी के बाद उत्पन्न अपशिष्टों का उचित ढंग से निपटान किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी अपील की कि मांस वितरण का कार्य दोपहर से पहले ही पूर्ण कर लिया जाए। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। बैठक में विभिन्न मस्जिद कमेटियों से विशेष नमाज के समय की जानकारी ली गई, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था उसी के अनुरूप की जा सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट, पीएचसी खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. इरशाद, मुखिया पारसनाथ उरांव, ललिता देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, मो. बशीर, इंदिरा देवी, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, शत्रुंजय सिंह, विकास दुबे, आनंद सिंह, कार्तिक कुमार पांडेय, रोशन लाल, विक्की सिंह, मो. इकबाल खान, इस्माइल अंसारी, जफरूद्दीन अंसारी, अशोक उरांव, महफूज अंसारी, दिलीप कुमार पासवान, दिलीप गंझू, कार्तिक राम, सुभाष उरांव, राजकुमार उरांव सहित कई गणमान्य लोग एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने चुनाव पूर्व तैयारियों की समीक्षा की

# दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज किए जाएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय अवस्थित उपायुक्त वेश्म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में "डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन" की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के द्वारा जिलास्तरीय निगरानी के कार्य दायित्वों एवं उनकी महत्ताओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करने हेतु समान अवसर प्रदान हो, इसके लिए सामाजिक, विधिक तथा प्रशासनिक रूप से दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवश्यक पहल पर जोर दिया। भारत निर्वाचन आयोग के उक्त पत्र के निर्देशानुसार जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिलास्तरीय निगरानी समिति के दिव्यांग व्यक्ति के प्रतिनिधि द्वारा विगत लोकसभा एवं विधानसभा आम चुनाव के दौरान होम वोटिंग तथा मतदान केन्द्र तक पहुंचाने हेतु छोटी वाहन की व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए किए गएव्यवस्था की सराहना की गई एवं बताया कि इससे मतदान के प्रति उदासीन व्यक्ति भी मतदान की प्रक्रिया के हिस्सेदार बने। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग को निदेशित किया गया कि दिव्यांग व्यक्तियों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि यदि वे मतदाता सूची में दिव्यांग श्रेणी में छुटे हुए है तो मतदाता सूची में उन्हें चिन्हित किया जा सके। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित हो रही है। बी०एल०ओ० के माध्यम से छुटे हुए योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने/ पीडब्ल्यूडी मार्केटिंग आदि कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिविल सोसायटी के सदस्यों से आग्रह किया गया। साथ ही सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इस संदर्भ में निर्देशित किया गया कि किसी भी दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित ना हो सके।

## गोला में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गोला।** कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ की ओर से गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गोला प्रखंड के बरियातु, कामता और कोईया आदि गांवों में एक दिवसीय किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम में धान की वैज्ञानिक खेती, सब्ज़ियों के मूल्य संवर्धन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनआईएसए के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने किसानों को खेती से पहले उन्नत व स्वस्थ बीज के चयन, बीजोपचार, द्वितीयक कृषि की उपयोगिता पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मूल्य संवर्धन और द्वितीयक कृषि ही किसानों को अधिक मुनाफा दिला सकती है।कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान डॉ सुधांशु शेखर ने समेकित कृषि प्रणाली और पशुपालन की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने रोग प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों और प्रशिक्षण की जरूरत पर बल दिया। इस दौरान कई लोगों के बीच पौधे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप प्रमुख विजय ओझा, अजय कुमार महतो सहित मौजूद थे।

### उत्क्रमित कन्या +2 उच्च विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

# सुमन कुमारी का जिले में आठवां स्थान प्रखंड की बनी टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

झारखंड अधिविध परिषद (जैक) द्वारा गुरुवार को घोषित 12वीं आर्ट्स के परिणामो में उत्क्रमित कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकपी के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यार्थी ने बेहतर कर अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण दिया है। इसमें विद्यालय के 45 बच्चों ने प्रथम, 47 ने द्वतीय और 2 ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्णता हासिल की ।सुलेखा कुमारी 448 अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी ।द्वितीय स्थान प्रियंका कुमारी 425, तृतीय वर्षा कुमारी 397 अंक प्राप्त की। जानकारी हो कि सुमन कुमारी जिला की आठवीं टॉपर और प्रखंड की टॉपर बनी हैं। साथ ही फ्रांसिस मुर्मू 389, किरण कुमारी 377, कुमारी कुमकुम 369, श्रुति कुमारी 357, लक्ष्मी कुमारी 351, शीतल कुमारी 347, रानी कुमारी 344 अंक प्राप्त की। प्रधानाध्यापक ने इसका श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों/ शिक्षिकाओं , विद्यार्थियों के लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब गांव के बच्चे भी किसी से कम नहीं है ।अगर शहर के जैसा सुविधा इन बच्चों को मिले तो और भी बेहतर रिजल्ट कर सकते हैं। विदित हो कि इस विद्यालय से सिर्फ इंटर के दो बेच ने ही परीक्षा दिया है और दोनों बेच ने 100% रिजल्ट किया है।इससे अभिभावकों में खुशी की लहर है।

### शरारती तत्वों ने बाबा साहब की प्रतीमा को किया क्षतिग्रस्त

## ग्रामीणों ने दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में स्थापित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतीमा को क्षतिग्रस्त कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत बरकनगांगो के ग्रामीणों ने बाबा साहब की मूर्ति खंडित होने से दुखी होकर आपत्ति जताते हुए बरकट्ठा थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि बरकनगांगो निवासी विनोद यादव पिता तुलसी यादव, सूरज राम पिता भीम राम, दिनेश यादव पिता लालमणि यादव के द्वारा दिनांक 30 मई 2025 की मध्यरात्रि को मूर्ति के साथ छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। बताया कि इस घटना को अंजाम देते हुए ग्रामीण उमेश साव पिता ध्रुव साव के द्वारा देखा गया है। साथ ही बताया कि घटना के पूर्व कुछ शरारती तत्वों के द्वारा स्टेडियम में स्थित चापानल का हैंडल और ट्रेक्टर का चक्का भी चोरी लिया गया है। बाबा साहब की प्रतीमा खंडित होने के बाद अनुयायियों में आक्रोश व्याप्त है। घटना से दुखी लोगों ने सोसल मीडिया पर आपत्ति जताते हुए शरारती तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## हिंदू साम्राज्य दिवस पर आरएसएस स्वयं सेवकों ने वीर शिवाजी को किया याद



**बरही ।** हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर प्रखंड मैदान बरही में आरएसएस के शिवाजी शाखा ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया और वीर शिवाजी के जीवनी पर प्रकाश डाला. बौद्धिक कर्ता सुधीर चंद्रा ने 17वीं शदी की चर्चा करते हुए मराठा कालीन व मुगलकालीन इतिहास से अवगत कराया. उन्होंने बताया वीर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज 17वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी. उनकी जीत हुई और हिंदू स्वराज की स्थापना हुई. उनकी वीरता, नेतृत्व क्षमता और न्यायप्रिय शासन के कारण उन्हें भारत में एक महान नायक माना जाता है. इसी याद में हिंदू स्वराज दिवस मनाया जाता है. उन्होंने उपस्थित स्वयसेवकों से उनके कार्यों को याद करने और उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही. कार्यक्रम में जिला व्यवस्था प्रमुख राजेश केशरी जी, खण्ड कार्यवाह संतोष प्रजापति, विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, शिवाजी शाखा के मुख्य शिक्षक कुंदन गुप्ता, कोनरा मंडल प्रमुख पिंटू केसरी,करियातपुर मंडल प्रमुख धर्मेंद्र, आरपी शर्मा जी , डॉ कृष्णा केशरी, विनोद कुमार इत्यादि कई स्वयं सेवक उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने अमानवीय घटना की जांच के आदेश दिए

# प्रसूता के लिए नहीं खुला मेडिकल का दरवाजा निजी अस्पताल जाना पड़ा




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीते दिन प्रबंधन की लापरवाही से एक अमानवीय घटना घटित हुई। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में प्रसव कराने आई चलकुशा प्रखंड की महिला का प्रसव के लिए प्रसव कक्ष का दरवाजा नहीं खोलने की घटना ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की लचर व्यवस्था को सामने ला खड़ा किया है। इसमें चिकित्सक और नर्सो के लापरवाही का मामला प्रकाश में आया। इस घटनाक्रम ने हजारीबाग वासियों को शर्मसार कर दिया है। उक्त बातें शुक्रवार को सीपीआई पार्टी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। घटना पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लिया है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में प्रसव कराने आई चलकुशा की महिला का प्रसव के लिए प्रसव कक्ष का दरवाजा न खोलने की घटना को उपायुक्त ने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव को लेकर की गई अमानवीय व्यवहार के बाद प्रसूति महिला का निजी अस्पताल में सामान्य प्रसव कराया गया जो हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने सख्त नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को साफ तौर पर दर्शाता है एसबीएमसीएच में बिचौलियों का बोलबाला है जो सरकारी अस्पताल में आए मरीजों का निजी अस्पतालों में इलाज करने को लेकर विवश करने पर मजबूर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि एचबीएमसीएच के प्रबंधक और चिकित्सकों ने जरा भी संवेदनशीलता नहीं बची है। इस प्रकार की घटनाएं लगातार घटित हो रही है इसको लेकर स्थानीय सांसद और विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार आवाज उठाई जा रही है, मगर अस्पताल प्रबंधन चुप्पी साधे हुए हैं। करोड़ों की लागत से अस्पताल में जांच मशीनें लगाई गई है जो बेकार पड़ी हुई है जो अस्पताल प्रबंधन की नाकामी को साफ तौर पर दर्शाता है। श्री मेहता ने साफ तौर पर कहा है कि अस्पताल प्रबंधन अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं।

> ● **स्थानीय सांसद और विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार आवाज उठाई जा रही है, मगर अस्पताल प्रबंधन चुप्पी साधे हुए हैं**

## गोला में तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, मचा कोहराम

**गोला।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग पर सोसोखुर्द टोल प्लाजा के पास गुरुवार को लगभग साढे दस बजे रात बड़ी दुर्घटना हुई है। तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक रणधीर कुमार महतो 28 वर्ष गोला थाने की सोसोकलां करमा टोला का रहने वाला था। मौत की खबर पर पूरे गांव में मातम फैल गया है। सोसोकलां करमा टोला निवासी दुलाल महतो की पुत्री संगीता कुमारी का विवाह था। रजरप्पा थाना क्षेत्र के मायल केंदुआ टांड़ से बारात आने वाली थी। युवक करीब 10.30 बजे रात गोला से बरमाला लेकर घर लौट रहा था।

### निर्जला एकादशी पर शरबत का किया गया वितरण

# पुण्य कार्य में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन हजारीबाग के महावीर स्थान चौक के निकट संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के बीच निःशुल्क शीतल शरबत वितरित किया गया। इस पुण्य कार्य में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्याम भक्ति से ओतप्रोत वातावरण निर्मित हुआ। यह कार्यक्रम श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा बीते कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। आयोजक मंडली के सदस्यों का कहना है कि वे इस आयोजन को सेवा और समर्पण भाव से करते हैं, क्योंकि उनका विश्वास है कि वे केवल माध्यम हैं, सारा कार्य तो स्वयं बाबा श्याम की प्रेरणा से होता है। उनकी भावना रहती है कि इस चिलचिलाती गर्मी में निर्जला व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को थोड़ी राहत मिले।

### सुनीता ने प्राप्त किया 78% अंक उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं

# 12वीं आर्ट्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों व शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड अधिविद्य परिषद की 12वीं आर्ट्स परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू की छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की झारखंड अधिविद्य परिषद की 12वीं आर्ट्स परीक्षा में रामगढ़ जिले के 10 टॉपर में 7 विद्यार्थी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू की हैं। मौके पर उपायुक्त ने सभी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने सभी बच्चों से उनके भविष्य को लेकर बातचीत की एवं उज्जवल भविष्य की सभी को शुभकामनाएं दी। पतरातू की खुशबू कुमारी ने 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया वहीं सायना परवीन ने 87% अंक लाकर चौथा, पैरो कुमारी व रौनक जहां ने 86.8 प्रतिशत लाकर पांचवा, मालती कुमारी ने 86.5% लाकर सातवां, बिमला कुमारी व लक्ष्मी कुमारी ने 85.4% लाकर आठवां स्थान प्राप्त किया। मौके पर उपायुक्त ने बिरहोर परिवार से आने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू की ही सुनीता बिरहोर को 12वीं आर्ट्स की परीक्षा में 78% अंक लाकर प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास करने को लेकर प्रशस्ति पत्र मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया।साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु की शिक्षिका पुष्पा कुमारी एवं नीतू कुमारी को भी उपायुक्त के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इसी तरह निरंतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित ने उपस्थित थे।

## उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय उदलू का आर्ट्स में शत प्रतिशत परिणाम

**केदला।** रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत किमो पंचायत में स्थित एक मात्र उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विधालय उदलू का जैक की आयोजित 2025 इंटर आर्ट्स की परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम रहा। परिक्षा में शामिल 33 विद्यार्थियों में प्रथम स्थान से 29 और दूसरे स्थान पर 04 विद्यार्थी रहे । विद्यालय में 400 अंक प्राप्त कर पूनम कुमारी प्रथम स्थान हासिल की है। वहीं 389 अंक प्राप्त कर संदीप कुमार दूसरे व 387 अंको के साथ अंशु कुमारी और रोहित करमाली संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सभी सफल छात्र छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है । बताते चलें की इससे पूर्व क्षेत्र के बच्चे हजारीबाग, विष्णुगढ़ और रामगढ़ जाकर शिक्षा ग्रहण करते थे।

## केजीबीभी बरकट्ठा की खुशबू कुमारी 428 अंक लाकर विद्यालय की बनी टॉपर





**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा विगत 5 जून को इंटरमीडिएट आर्ट्स का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा की छात्राओं ने बेहतर परिणाम प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। विदित हो कि वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट ऑफ आर्ट्स परीक्षा में कुल 37 छात्राएं शामिल हुई थी ,जिसमें एक छात्रा परीक्षा में अनुपस्थित थी एवं शेष 36 परीक्षार्थियों में सभी ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है ।वहीं छात्रा खुशबू कुमारी 428 अंक प्राप्त कर प्रथम, रोकसार खातून 411 अंक के साथ द्वितीय एवं बबीता कुमारी 409 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही ।वहीं छात्राओं द्वारा उक्त परीक्षा में बेहतर करने पर वार्डन अंजू बाला करकेट्टा ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्राओं की कड़ी मेहनत एवं उनके अनुशासन को प्रदर्शित करता है ।उन्होंने सभी को भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ाने की सलाह दी। वहीं वार्डन समेत विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं, लेखपाल एवं अन्य कर्मियों ने उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# न्यूज बॉक्स

## जैक इंटर की परीक्षा में इंटर महाविद्यालय बरही के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास, सचिन बने कॉलेज टॉपर



**बरही ।** इंटर कला 2025 की परीक्षा में इंटर महाविद्यालय बरही के 96% विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है. प्राचार्य अरुण कुमार दुबे ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस वर्ष उनके कॉलेज से कुल 485 विद्यार्थी इंटर कला की परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमे 225 प्रथम, 227 द्वितीय और सिर्फ 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं. इनमे सचिन कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद 88% अंको के साथ कॉलेज टॉपर बने है. वहीं साहिन प्रवीण पिता अख्तर राजा 79.8% और सौरभ कुमार पिता रोहित पासवान व निशा भारती पिता संतोष राम 77.4% अंक लाकर कॉलेज के द्वितीय व तृतीय शीर्ष पर अपना स्थान बनाए हैं. उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की असफलता महाविद्यालय के अनुशासन व गुणवता युक्त शिक्षण तथा विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत का परिणाम है. मौके पर प्राचार्य सहित प्रो संतोष चौरसिया, प्रो संतोष कुमार पांडे, प्रो विनोद कुमार सिंह, प्रो सीताराम गोप, प्रो ओम प्रकाश सिंह, प्रो विजय कुमार सिंह, अश्वनी कुमार, सुरेश पांडे, कामता यादव आदि सहित कॉलेज के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी है.

## नवपदस्थापित बीईइओ ने किया पदभार ग्रहण



**बरही ।** नव पदस्थापित बीईईओ प्रभाकर कुमार ने बरही - 3 के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान बीईईओ किशोर कुमार ने अपना पदभार सौंपते हुए स्वागत किया. बीपीएम अरुण कुमार सहित कई शिक्षकों ने नव पदस्थापित बीईईओ का बुके देकर स्वागत किया. नवपदथापित बीईईओ ने कहा कि विद्यालय में शिक्षण कार्य सुव्यवस्थित करना और विद्यार्थियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि करवाना उनकी प्राथमिकता होगी. प्रत्येक विद्यालयों का हर संभव निरीक्षण और शिक्षकों को प्रोत्साहित करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा. शिक्षक पूर्ण निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करे. प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में उनका सहयोग करे, यह उनकी अपेक्षा है. मौके पर निवर्तमान बीईईओ को विदाई भी दी गई. इस दौरान कई शिक्षक मौजूद थे.

## शिव मंदिर के निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन में सैंकड़ो श्रद्धालु हुए शामिल



**बरही ।** निर्जला एकादशी के अवसर पर चतरो ग्राम में शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर गांव के सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे. सबों ने भक्ति भाव से भूमि पूजन में हिस्सा लिया. शिव मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीण उत्साहित थे. महिलाओ ने बताया कि अब सोमवारी या शिव पूजा के लिए अपने क्षेत्र के शिवालय में ही पूजा करने के अवसर मिलेंगे. यह मंदिर ग्रामीणों तथा श्रद्धालुओं के आपसी सहयोग से बनाया जाना है. जिसके लिए सबों ने स्वैच्छिक दान देने की सहमति जताई है. निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोहर यादव, दिनेश कुमार यादव, विरेंद्र यादव, संजय पांडे, सीताराम यादव, भिखी यादव, श्याम सुंदर यादव, जितेंद्र पंडित, लोकनाथ यादव, कौशल्या देवी, सरिता देवी, माला देवी, अंजू देवी, रेणु देवी, लक्ष्मी देवी, बबीता देवी, मंजू देवी, सोनी देवी, सुमनी देवी, रूबी देवी, सुमित्रा देवी, गायत्री देवी और रेखा देवी सहित अनेक महिलाओं ने पूजा में भाग लिया.

## आईटीआई में प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया 21 जून को प्रकाशित होगी अंतिम मेधा सूची



**बरही ।** प्रखंड के बेंदगी स्थित आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. प्रभारी प्राचार्य रवींद्र कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 के लिए 20 मई से ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है. जो 13 जून 2025 की संध्या 5 बजे तक भरे जा सकते हैं. 16 जून को औपबंधिक मेधा सूची (आठवीं व दशवी) का प्रकाशन शाम 5 बजे किया जायेगा. जिसमे 17 से 19 जून तक त्रुटि सुधार के मौके दिए जायेंगे. 21 जून को अंतिम रूप से मेधा सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा. प्राचार्य ने बताया कि इस सत्र में दो वर्षीय इलेक्ट्रोशियन के लिए 40, दो वर्षीय फीटर के लिए 40, एक वर्षीय मेकेनिकल डीजल के लिए 48 और एक वर्षीय वेल्डर के लिए कुल 40 सीट के लिए नामांकन लिया जाना है. सभी ट्रेड में नामांकन के लिए विद्यार्थी की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक अनिवार्य है. उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से झारखंड सरकार के आईटीआई के ऑफिशियल वेब साइट पर निर्धारित तिथि तक आवेदन समर्पित करने की अपील किया है.

## संदिग्ध अवस्था में जंगल से मिला एसबीआई मिनी बैंक संचालक का शव



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तुईयो मासीपीढ़ी जंगल में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है ।शव की पहचान गैड़ा निवासी विनोद राणा 35 वर्ष, पिता जगदीश राणा के रूप में की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे पारिवारिक कलह के बाद बुलेट बाइक लेकर अपने घर से निकला था जिसके बाद इन्हें खोजने का काफी प्रयास किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। तत्पश्चात शुक्रवार सुबह करीब 7:00 बजे ग्रामीणों ने देखा कि तुईयो (मासीपीढी) जंगल में संदिग्ध अवस्था में विनोद राणा का शव पड़ा है। जिसकी सूचना लोगों ने बरकट्ठा थाना व उनके परिजन को दी ।घटना के संबंध में स्थानीय उप मुखिया चंद्रदीप पाण्डेय ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व से बीमार चल रहा था साथ ही ऋण को लेकर भी बीते तीन -चार दिनों से मानसिक तनाव से गुजर रहा था ।

**बानो प्रखंड की सच्चाई ग्रामीणों को परेशानी**

# सड़क और पुल के अभाव में फिर खाट बनी एंबुलेंस

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। सरकार जहां एक ओर शहरों में फ्लाईओवर और एक्सप्रेसवे बना रही है, वहीं यहां ग्रामीणों को प्रसव पीड़ा या बीमार अवस्था में भी मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। बीते एक सप्ताह में ऐसे तीन दर्दनाक मामले सामने आए हैं, जो सिस्टम की पोल खोलते हैं।1 जून को डुमरिया पंचायत के मारिकेल गांव में सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिला को खाट पर 3 किलोमीटर ढोकर मुख्य सड़क तक लाया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर महिला को अस्पताल पहुंचाया। 3 जून को डालियामार्चा गांव की गर्भवती महिला को सहिया और ग्रामीणों ने मिलकर दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए 5 किलोमीटर तक खाट पर भुरसाबेड़ा तक पहुंचाया। ग्रामीण सहदेव कोटवार के अनुसार पुल निर्माण के लिए विधायक, सांसद और जिला प्रशासन को कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिला परिषद और प्रशासन ने स्थल निरीक्षण तो कराया, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ।



## सड़क-पुल न होने से ग्रामीणों की जिंदगी संकट में

वहां से एंबुलेंस के जरिए महिला को अस्पताल ले जाया गया।तीसरा मामला गेनमेर पंचायत के टोनिया कर्राडमाईर गांव का है, जहां हेमंती देवी को ग्रामीणों ने पांगुर नदी पार कर खाट पर 15 किलोमीटर दूर हुरदा अस्पताल पहुंचाया।इन घटनाओं से साफ है कि सड़क और पुल की अनुपस्थिति में ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पांगुर नदी पर लकड़ी का अस्थायी पुल हाल ही में भारी बारिश में बह गया, जिससे कर्राडमाईर गांव मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है।पिछले वर्षों में भी इस क्षेत्र में पुल नहीं होने के कारण सांप काटने से दो लोगों और डूबने से चार लोगों की मौत हो चुकी है।

**सामाजिक सुरक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक**

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से 89250 लाभुकों को मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी -सह- सामाजिक सुरक्षा विभाग की प्रभारी पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि जिले में विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कुल 65,282 लाभुकों को नियमित रूप से पेंशन प्रदान की जा रही है।इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत सिमडेगा जिले में कुल 89,250 लाभुकों को लाभान्वित किया गया है। अप्रैल माह की सम्मान राशि के रूप में प्रति लाभुक 2,500 रुपये की दर से कुल 22 करोड़ 31 लाख 25 हजार रुपये की राशि आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की गई है।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांगजन के लिए पेंशन की राशि अत्यंत सहायक होती है, अतः सभी पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए।प्रभारी पदाधिकारी ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत अप्रैल माह की राशि का सफलतापूर्वक भुगतान कर लिया गया है। सरकार की यह पहल जरूरतमंदों के लिए सम्मानजनक जीवन यापन में सहायक सिद्ध हो रही है।इसके अलावे पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बैठक के दौरान विभाग अंतर्गत संचालित 15 वें वित्त आयोग के तहत क्रियान्वित योजनाओं, ज्ञान केंद्र, भारत नेट, आदि की जानकारी उपायुक्त को दी। उपायुक्त ने जिला परिषद अंतर्गत जिले में बने बांसजोर एवं केरसई प्रखंड बस स्टैंड निर्माण कार्य पूर्ण है उसका यथाशीघ्र उद्घाटन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित 80 ज्ञान केंद्र की समीक्षा की। तथा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला नियोजन पदाधिकारी -सह- सामाजिक सुरक्षा प्रभारी पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## सिमडेगा में कृषि योजनाओं की संयुक्त समीक्षा की बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, आत्मा एवं पौधा संरक्षण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं लक्ष्यों की समीक्षा की गई।कृषि विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बीज वितरण, फसल राहत योजना तथा बिरसा फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित किसानों का ई-केवाईसी विशेष शिविरों के माध्यम से शीघ्र पूर्ण करने और नए किसानों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। केसीसी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 33714 लाभुकों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे प्रखंड स्तर पर मासिक रूप से विभाजित कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बॉयलर पालन योजना से आच्छादित लाभुकों के शेड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। जिन लाभुकों के शेड निर्माण नहीं हुए हैं, उनके लिए शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, पशुओं के टीकाकरण की प्रगति की भी जानकारी दी गई।सहकारिता विभाग के अंतर्गत खरीफ एवं रबी सीजन में बीज वितरण की समीक्षा की गई तथा बीज वितरण लक्ष्य हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। धान अधिप्राप्ति में शेष बचे लैंप्सों से शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने एवं सेकंड किस्त के भुगतान से वंचित किसानों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बिरसा राहत फसल योजना की भी समीक्षा की गई और कोल्ड स्टोरेज संचालन हेतु कृषि क्षेत्र में कार्यरत एपीओ को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही गई। मत्स्य विभाग की समीक्षा में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## कोलेबिरा में ट्रांसफार्मर जलने से 48 घंटे से बिजली गुल

**कोलेबिरा।** बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय के आधे हिस्से में पिछले 48 घंटे से बिजली गुल है।कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी गुड़ी मंदिर के समीप लगाए गए बिजली का ट्रांसफार्मर बुधवार संध्या जल गया जिसके चलते कोलेबिरा के आधे हिस्से में पिछले 48 घंटे से बिजली नहीं है।इस संबंध में कोलेबिरा पंचायत के उप मुखिया संजीत कुमार ने बतलाया कि बिजली के नए ट्रांसफार्मर के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कनिय अभियंता विनोद कच्छप से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि पुराना ट्रांसफार्मर को सिमडेगा विद्युत विभाग के स्टोर पहुंचना होगा तब जाकर नए ट्रांसफार्मर मिलेगा।इधर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार शुक्रवार को चंदा करके हाइड्रा एवं पिकअप वाहन की व्यवस्था किया और पुराने ट्रांसफार्मर को उतार कर सिमडेगा पहुंचाया।पुराने ट्रांसफार्मर को सिमडेगा पहुंचाने पर स्टोर में स्थापित कर्मियों ने ग्रामीणों को टाल मोल जवाब देने लगे परेशान होकर पुराने ट्रांसफार्मर लेकर गए ग्रामीण पुराना ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग के स्टोर में छोड़कर वापस लौट गए।इधर नए ट्रांसफार्मर के संबंध में विद्युत विभाग के कर्मियों के द्वारा कहा गया कि एक-दो दिन में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाएगी।

## सिमडेगा जिला परिषद सदस्यों ने उपायुक्त से की मुलाकात, रखे जनहित से जुड़े मुद्दे

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले की जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा एवं सामरोम पौल तोपनो, प्रमुख रजत लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूर ने शुक्रवार को उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित जनकल्याण योजनाओं की जमीनी स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। बैठक में जोसिमा खाखा एवं सामरोम पौल तोपनो ने बताया कि जिले के कई पीडीएस दुकानदार चार-चार नाम का दुकानें संचालित कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने मांग की कि इसकी जांच कर अनियमित दुकानों को हटाया जाए तथा संचालन का जिम्मा महिला समूहों को दिया जाए, जिससे महिलाओं को स्वावलंबन का अवसर मिल सके।साथ ही, सिमडेगा विधायक की धर्मपत्नी जोसिमा खाखा ने कोचेडेगा-रामरेखा और बीरू-तामड़ा-रामरेखा धाम सड़क चौड़ीकरण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बाद भी रैयतों को मुआवजा न मिलने की बात उठाई। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, यदि मुआवजा समय पर मिल जाता, तो किसान खेती-किसानी में उसका उपयोग कर पाते।बांसजोर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य ने भी बांसजोर बस स्टैंड का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, अत: इसका उद्घाटन शीघ्र कराया जाए ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके।अंत में, दोनों सदस्यों ने जिले में चल रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बेहतर समन्वय के साथ आम जनता तक पहुंचाने की बात दोहराई।

## बकरीद पर्व को लेकर कुरडेग पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों ,मुहल्लो में अंचल अधिकारी किरण डांग एवं थाना प्रभारी संजीत कुमार के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार शाम को बकरीद पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया । फ्लैग मार्च में अंचल अधिकारी , थाना प्रभारी के अलावे थाने के पदाधिकारी एवं सशत्र बल मौजूद रहे । फ्लैग मार्च कुरडेग थाना से निकलकर बस स्टैण्ड, प्रकाला, झिरकामुण्डा , कदमटोली , घाघमुण्डा आदि गाँवो तक गया ।इस दौरान अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए ब्यापक तैयारी की गई है बकरीद पर्व को लेकर मस्जिद एवं चौक चौराहों पर पुलिस बल और दण्डाधिकारी नियुक्त किए गए हैं वहीं उन्होंने कहा कि आपसी सदभाव को तोड़ने वालों और सोशल मिडिया के जरिये अफवाह और सौहार्द्ध बिगाड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी । पर्व के दौरान पुलिस की पैनी नजर शरारती तत्वों पर रहेगी इस संबधित मामलो में सलिप्त पाये जाने पर विधि सम्मत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी । वही थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सजग है किसी भी अप्रिय घटना होने पर थाना को सुचना दें पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी । साथ ही उन्होने फ्लैग मार्च के दौरान पर्व के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने , अफवाहों से बचने संदिग्धों के बारें में आम लोगो से सुचना देने की अपील की।

## बोलबा प्रखंड की दो पंचायतों में कांग्रेस कमेटियों का विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत बोलबा प्रखंड में दो पंचायतों-बेहरीनबासा और पिड़ियापोस में पंचायत कमेटियों का विस्तार किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।बेहरीनबासा पंचायत के कुंदुरमुण्डा बाजार टांड़ और पिड़ियापोस पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड प्रभारी बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, उपाध्यक्ष ज्वालंत बेक, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि अन्तोनी, पिड़ियापोस पंचायत अध्यक्ष रोशन बरला, बेहरीनबासा पंचायत अध्यक्ष तेलेस्फोर, तथा दोनों पंचायतों के सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।पुनर्गठन प्रक्रिया के दौरान दोनों पंचायतों में दो-दो उपाध्यक्ष एवं नव-नव महासचिवों का चयन किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर पार्टी की सांगठनिक मजबूती को बल मिलेगा।इस अवसर पर प्रखंड पर्यवेक्षक बिपिन पंकज मिंज ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीति सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए प्रखंड से लेकर मंडल, पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना आवश्यक है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस के जन सरोकारों को गाँव-गाँव तक पहुँचाएँ और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में जुट जाएं।

## बाल विवाह रोकने आधी रात में बच्ची को बचाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गरजा पंचायत में एक नाबालिग बच्ची की शादी की गुप्त सूचना मिलने के बाद छोटानागपुर कल्याण निकेतन, बाल कल्याण समिति, बाल सहायता सेवा और सिमडेगा पुलिस की संयुक्त टीम ने रातभर मुहिम चलाकर बाल विवाह को रोका और बच्ची को सुरक्षित बचाया। सूचना मिलने के बाद रात्रि 9:30 बजे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने उपायुक्त कंचन सिंह और प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रानियर खलखो से बातचीत की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए थाना से संपर्क कर पुलिस बल की व्यवस्था करवाई इसके बाद टीम ने घनी बारिश, घनघोर जंगल और रात के अंधेरे की परवाह न करते हुए रात्रि 12:00 बजे गांव में पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सिमडेगा पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी स्वयं रातभर जागते रहे और पूरे अभियान की पल-पल की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। जब टीम विवाह स्थल पर पहुँची तो वहाँ भीड़ जमा थी, हल्दी और बारात की तैयारी चल रही थी। पुलिस बल को देखकर वहां अजीब सी सनसनी फैल गई।टीम ने अनुभवपूर्वक घर के परिसर में प्रवेश कर लड़की और उसके परिजनों से बातचीत की। दस्तावेजों की जांच के बाद लड़की के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। टीम ने परिजनों को सम्मानपूर्वक समझाते हुए, बाल विवाह के कानूनी परिणामों की जानकारी दी और बिना कोई तनाव उत्पन्न किए भारी भीड़ के सामने बच्ची को सुरक्षित निकाला।

# अमृत काल में भी सड़क विहीन गांव में विकास की रफ्तार रोक रही टूटी पगडंडियां

**शिवनन्दन बड़ाईक। बानो।** आजादी के अमृत काल के स्वर्णिम अवसर पर जहाँ देश चंद्रयान और डिजिटल इंडिया की बात कर रहा है, वहीं सिमडेगा जिले के कई प्रखंडों के गांव आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। विकास की पहली सीढ़ी कही जाने वाली सड़कें आज भी इन गांवों तक नहीं पहुँच सकी हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुँच पा रहा।

### सड़कों की बदहाली बनी विकास में बाधा

बानो प्रखंड के कई पंचायतों जैसे बडकाडुईल, कनारोवा, साहुबेडा, बिंतुका, बांकी आदि के दर्जनों टोले ऐसे हैं जहाँ आज भी लोगों को पगडंडी के सहारे चलना पड़ता है। बडकाडुईल पंचायत के मुखिया अनिल लुगुन ने बताया कि यदि जल्द सड़कों का निर्माण नहीं हुआ तो आने वाली बरसात में ट्रक-ट्रैक्टर भी गाँव तक नहीं पहुँच पाएंगे।कनारोवा पंचायत की मुखिया मिनसी लीना तिर्की ने जानकारी दी कि जामबेडा गिरजा टोली, पहाड़ टोला और बाघरूपटा में अब तक कोई पक्की सड़क नहीं बनी है। वहीं साहुबेडा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया ने बताया कि लताकेल साकुर टोली, पोसोर जलाकोना, हाटिंगहोडे करंज टोली, साहुबेडा पहानटोली में मोरम पथ की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिए गए हैं, पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

### पुल का निर्माण बना विवाद का कारण

बानो-बाकुटोली-कामडारा मार्ग पर स्थित सोय नाला पर बना पुल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। निर्माण के दौरान ही पुल में दरार आ गई थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य को 'पूर्ण' बता कर क्लीन चिट दे दी गई। आज स्थिति यह है कि लोग 40 साल पुराने पुराने जर्जर पुल के भरोसे हैं।ग्रामीणों की उदासी और संघर्षगांवों में प्रधानमंत्री आवास, चापाकल, अबुआ आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएँ भी सड़कों के अभाव में अटकी पड़ी हैं। कनारोवा पंचायत के एक गांव में आजादी के 70 साल बाद 2025 में पहली बार चापाकल लगाया गया, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। एक समय ग्राम कोनाप में आयोजित जनता दरबार की चर्चा आज भी होती है, जहाँ तत्कालीन उपायुक्त जटाशंकर चौधरी ने ग्रामीणों की मांग पर चुआं का पानी पीते हुए सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, जो बाद में पूरा भी हुआ। इससे यह सिद्ध होता है कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति होती है तो बदलाव संभव है।हालांकि सारा दोष प्रशासन पर डाल कर ग्रामीण पीछे नहीं हट सकते। गाँव तक पहुँचने वाली पगडंडियों की मरम्मत में ग्रामीणों को भी सहभागिता निभानी होगी। ग्राम सभा में योजना तो पारित हो जाती है, लेकिन उसे धरातल पर लाने के लिए जनसंपर्क, निगरानी और जागरूकता जरूरी है।आज जब देश डिजिटल और वैश्विक विकास की दिशा में बढ़ रहा है, ऐसे में सड़कों की बदहाली और योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन ना होना सरकार और समाज दोनों के लिए चिंतन का विषय है। अमृत काल तब सार्थक होगा जब अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचेगी और उसके लिए सड़क पहली शर्त है।

# न्यूज बॉक्स

## बानो पुलिस के द्वारा निकाल गई फ्लैग मार्च

**बानो।** बानो थाना की पुलिस के द्वारा बकरीद पर्व को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में फ़्लैग मार्च निकाली।फ्लैग मार्च बानो थाना परिसर से निकलकर बिरसा मुंडा चौक,डाकबंगला,बाजार टांड़,बड़ाईक बस्ती,रेलवे स्टेशन रोड होते हुए वापस थाना परिसर पहुँची।बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बकरीद पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की उन्होंने कहा की सभी कोई आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण मे हंसी-खुशी शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाएं।किसी भी प्रकार की कहीं भी कोई भी घटना हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें।पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें।सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक फोटो वीडियो भूल कर भी शेयर ना करें।मौके पर थाना प्रभारी सोनू कुमार,एस आई विनय कुमार,ए एस आई सत्यनारायण कुमार सिंह, एएसआई अशोक कुमार राम, एएसआई मुरारी धर प्रधान, एएसआई शंकर बाखला, एएसआई सतिश चंद्र महतो व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## कोलेबिरा पुलिस व प्रशासन ने बकरीद पर्व को लेकर निकल फ्लैग मार्च

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना की पुलिस के द्वारा बकरीद त्यौहार को लेकर प्रखंड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च कोलेबिरा थाना परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए और वापस थाना परिसर में आकर समाप्त हो गई .इस मौके पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कहा गया कि लोग त्यौहार हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।लोगों के अफवाहों पर ध्यान ना दे और किसी के द्वारा किसी भी के द्वारा अफवाह फैलाई जाती है तो वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। वैसे व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। बकरीद पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में हंसी खुशी मनाएं। पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान ना दें। सोशल मीडिया में कोई भी आपत्ति जानी फोटो वीडियो भूल कर भी शेयर ना करें।इस अवसर पर अंचलाधिकारी अनूप कचछप, प्रभारी थाना प्रभारी सकलदेव एस आई महतो,सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार,टिंकू कुमार वर्मा सहायक सब इंस्पेक्टर कौशल किशोर सिंह,सुभाष चंद्र यादव प्रताप चंद्र महतो,एएसआई इंद्रजीत समद,मुंशी हरेंद्र कुमार पासवान,अमित सिंह एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## वन नेशन वन इलेक्शन देश हित में जरूरी : विमला प्रधान




**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा महाविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी आयोजित की गई।भारतीय लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व व्यावहारिक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर पार्वती शर्मा महाविद्यालय में संगोष्ठी सह जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन केवल चुनाव सुधार की बात नहीं, यह देश के संसाधनों, समय और प्रशासनिक व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन का माध्यम है। वर्तमान व्यवस्था में एक लोकसभा व एक विधानसभा चुनाव कराने में देश को लगभग 10 से 12 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है. साथ ही प्रशासन, पुलिस बल और शिक्षकों की ड्यूटी बार-बार लगने से शिक्षा, कानून व्यवस्था व सरकारी कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।संगोष्ठी के उपरांत अतिथियों द्वारा पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया ,मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक दुर्गविजय सिंहदेव अनूप प्रसाद अनूप केशरी मौजूद थे।

## सिमडेगा में नशा मुक्ति पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**सिमडेगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना सिमडेगा के तत्वावधान में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में नशीली दवाओं के रोकथाम एवं जागरूकता विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों से दूर रखने में प्रहरी क्लब की भूमिका पर बल दिया एवं उपस्थितों को शपथ दिलाई।जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने सकारात्मक वातावरण निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि नशा समाज और बच्चों के भविष्य के लिए घातक है।प्रशिक्षण में सत्यजीत कुमार, अरुण प्रसाद, रवि डुंगडुंग, शैलेश अविनाश मिंज व गोविंद दास ने मास्टर ट्रेनर के रूप में ड्रग्स के प्रकार, प्रभाव, कारण व उपचार पर विस्तार से जानकारी दी।सत्यजीत कुमार ने अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और शिक्षकों को विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में नशा बिक्री पर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। रिनपास रांची में कम लागत पर नशा उपचार सुविधा की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में गायत्री साहू, प्रशांत मंगल, देशबंधु शास्त्री सहित जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रहरी क्लब के शिक्षक उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, सिमडेगा रेफर

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समसेरा रामटोली के समीप एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बोलबा झोयला टोली निवासी फूलजेम्स टेटे के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलजेम्स टेटे मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी समसेरा रामटोली के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल बोलबा अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉ. देबतोष भूटिया की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद फूलजेम्स को बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## महेश्वर जी की राह पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि: श्रद्धानंद बेसरा



**पाकरटांड।** सिकरियाटांड पंचायत के बागडांड डीपा टोली में समाजसेवी एवं शिक्षाविद स्व. महेश्वर राम बेसरा की 94वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा व सेवानिवृत्त शिक्षक मेघु मांझी ने दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की।स्व. बेसरा द्वारा बच्चों के विकास हेतु तीन एकड़ भूमि दान किए जाने की चर्चा करते हुए अतिथियों ने कहा कि आज वहां स्कूल, खेल मैदान और बगीचा विकसित हैं, जहां सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा, "महेश्वर जी समाज के लिए प्रेरणा थे। कठिन हालात में भी वे समय के पाबंद रहते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहे। उनकी राह पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नागपुरी गीतों पर नृत्य किया।दूर-दराज से आए गोंड समाज के प्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता कई कार्यक्रमों में हुईं शामिल

# पर्यावरण सिर्फ किताब का हिस्सा नहीं है, बल्कि जीवन का आधार है

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम में शामिल होकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश दिया। कटकमसांडी प्रखण्ड के पंचायत रेबर स्थित अटल कलाम इन्नोवेटिव स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित हुई। विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण के साथ मिलकर पौधारोपण की। उसके बाद जन जागरण केंद्र, हजारीबाग में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सम्मिलित हुई। इस अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत हुई! उसके तत्पश्चात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यलय में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान में सम्मिलित हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरियाली महोत्सव के तहत 1.50 लाख पौधा लगाने के लिए संकल्प लिया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रकृतिक संवर्धन एवं संरक्षण हेतु इस अभियान में तत्पर रहने भरोसा दी। उसके बाद हज़ारीबाग झील परिसर में पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान शेफाली गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वृक्षारोपण करने की अपील की। संबोधन में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण सिर्फ किताब का हिस्सा नहीं है। ये हमारा जीवन का आधार है। मोबाइल, इंटरनेट एंव अन्य जरूरतमंद चीजों के बिना कुछ समय रह सकते हैं।

## आलोक स्टील सहित अन्य प्लांटों में किया गया पौधरोपण

**रामगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरसी रूगटा ग्रुप रामगढ़ की ओर से गुरुवार को ग्रुप के आलोक स्टील बुडाखाप करमा, झारखंड इस्पात प्रा लि हेसला और एमसीसीआइपीएल हेसला में करीब 300 पौधे लगाए। साथ ही प्लांट में ही बच्चों और कामगारों के बीच चित्रकला का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सफल बच्चों और कामगारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कंपनी के अध्यक्ष उदय कुमार ने विश्व पर्यावरण के बारें में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ रहेगा, तभी हम जीवित रहे।

# बकरीद पर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



बकरीद पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हज़ारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। आज 6 जून को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती व अन्य वरीय अधिकारियों ने हजारीबाग के विभिन्न स्थानों यथा पेलावल थाना क्षेत्र, लोहसिंगना थाना क्षेत्र,कटकमसांडी क्षेत्र एवं बड़कागांव एवं इचाक के संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। उपायुक्त ने बताया कि इसका उद्देश्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराना है। उन्होंने आम जनता से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है। इसके अतिरिक्त बरकट्ठा, बरही, विष्णुगढ़ और चलकुशा जैसे क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की है।

### बरकाकला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है : डॉ प्रवीण

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा इचाक प्रखण्ड स्थित बरकाकला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 40 से अधिक लोगों का निशुल्क जांच हुई। स्थानीय मुखिया सिकंदर कुमार ने शिविर के आयोजन में अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर मुख्य रूप से डॉ दीपांशु रंजन मिश्रा, स्वास्थ्य कर्मी मानस कुमार, सौरभ कुमार झा, कुमारी वंदना, अलताफ़ अंसारी एवं पीआरओ राज कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## रजरप्पा थाना के नवनियुक्त प्रभारी कृष्ण कुमार का बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया स्वागत



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश द्वारा 6 जून को रजरप्पा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी कृष्ण कुमार का स्वागत सम्मानपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मंगलेश ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान मंगलेश ने कहा कि रजरप्पा थाना क्षेत्र की जनता को नए थाना प्रभारी से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में भयमुक्त, अपराधमुक्त तथा शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित होगा। मंगलेश ने बताया की थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका पहला प्रयास शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में चल रही किसी भी अवैध गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी समस्या को लेकर बिना हिचक थाने में सीधे संपर्क करें और दलालों या बिचौलियों से दूरी बनाए रखें। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने तथा माफियाओं पर कड़ी निगरानी रखने का कार्य प्राथमिकता पर रहेगा, ताकि क्षेत्र में समग्र विकास और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके।

# बारिश से पहले नालों की सफाई में जुटा कोडरमा नगर परिषद

**कोडरमा।** बारिश के मौसम में कोडरमा के झुमरीतिलैया शहर में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसे देखते हुए मानसून से पहले ही छोटे-बड़े सभी नालों की साफ सफाई की जा रही है. एक विशेष अभियान चलाकर नगर परिषद की ओर से युद्धस्तर पर नालों की सफाई का कार्य पिछले 15 दिनों से किया जा रहा है और आने वाले 10 दिनों में नगर परिषद के सभी 28 वार्डों की नालियों और नालों के अलावा मुख्य नाले की भी सफाई पूरी कर ली जाएगी. नगर प्रशासक ने दोनों सिटी मैनेजर को इसकी जिम्मेदारी दी है. सुबह और शाम दो शिफ्टों में अलग-अलग टीम के द्वारा सभी नालों की सफाई कर उससे निकलने वाले कूड़े- कचरे का निस्तारण भी किया जा रहा है. इसके अलावा सड़कों पर बहने वाले बारिश के पानी को नालों से कनेक्ट किया जा रहा है, ताकि सड़कों पर जल जमाव की स्थिति न बने. नगर परिषद ने हाल के दिनों में हुई बारिश के बाद शहर के कई लो लाइन एरिया भी चिह्नित किए हैं, जहां जल जमाव की स्थिति पैदा होती है. ऐसे चिह्नित स्थानों पर विशेष कार्य किए जाएंगे ताकि जब बारिश का मौसम में लगातार बारिश हो तो उन लो लाइन वाले एरिया में भी लोगों को जल जमाव का सामना न करना पड़े.

### शिकायतों की छानबीन के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे सांसद

# मरीजों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे : मनीष

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे आए दिन मिल रहे शिकायतों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को अधीक्षक से मिलने पहुंचे मगर सांसद से आमना सामना नहीं हो सका। उनके सवालों का जवाब नहीं देना पड़े। इसलिए वे सूचना के बावजूद अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकुरन पुर्ती अस्पताल से गायब थे। सांसद ने मौके पर मौजूद प्रिंसिपल, एचओडी और डिप्टी सुपरिंटडेंट से कई सवालों के जवाब मांग दिए। बीते बुधवार की रात्रि में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम में घटी अमानवीय घटना को लेकर जमकर फटकार लगाई। मौके पर लापरवाही बरतने वाले लेबर रूम डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ एके. सिंह से जवाब तलब किए गए। तब अस्पताल की व्यवस्था की पोल पूरी खुल गई। जानकारी मिली कि सुरक्षा का बहाना बनाकर महिला चिकित्सक अस्पताल से रात में गायब रहती हैं। सांसद ने सवाल उठाया कि अगर बुधवार की रात डॉ. आकांक्षा सुरक्षा की आड़ लेकर लापता थी तो इसका मतलब है कि हर रात को चिकित्सक इसी आड़ में लापता रहते होंगे। क्योंकि इसकी पुष्टि एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग ने खुद किया है। सांसद ने ऐसे लापरवाह चिकित्सको पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद प्रिंसिपल सह शिक्षा स्वास्थ्य निदेशक डॉ एसके सिंह ने सुपरिंटेंडेंट डॉ अनुकरण पूर्ति, एचओडी डॉ.रामेश्वरी बेग और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाली डॉ.आकांक्षा से शो काउज किया। मौके पर सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को फोन लगा दिया। फोन पर डॉ इरफान अंसारी ने भी असुरक्षा का हवाला देते हुए डॉक्टर के पक्ष में खड़े हो गए। तब सांसद ने बताया कि डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही अस्पताल में 20 होमगार्ड जवान 20 आउटसोर्स एजेंसी से सिक्योरिटी गार्ड तैनात हैं। अस्पताल परिसर में चार एक का पुलिस पिकेट संचालित है। जिसमें सरकार का हर माह 8 से 10 लाख रुपए उनके वेतन और मानदेय में खर्च हो रहा है। इसके बावजूद भी अगर अस्पताल के चिकित्सक और कर्मी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इस बात की पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कर रहे है तो फिर इन सिक्योरिटी गार्ड और गृह रक्षक की तैनाती का क्या औचित्य है। यह खुद ही बड़ा सवाल खड़ा कर दे रहा है ।

### शो कॉज नोटिस जारी, 24 घंटे में मांग स्पष्टीकरण

सांसद के सुपरिटेंडेंट कार्यालय पहुंचने के बाद प्रिंसीपल ने तीन नोटिस जारी किया है। एक नोटिस में कहा गया है कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक की अनुपस्थिति में इनके स्थान पर डॉ. अजय कुमार सिंह, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी उनके कार्यों का संपादन करेंगे। वहीं महिला चिकित्सक से शो कॉज किया गया कि 4 जून की रात को प्रसव कक्ष में महिला मरीज मनीषा कुमारी , पति बिनोद कुमार साव , ग्राम दिगवार है , प्रसव घण्टो तक अस्पताल के प्रसव कक्ष का दरवाजा खटखटाते रहे। लेकिन महिला का इलाज नहीं किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के साथ सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, भाजपा नेता अर्जुन साहू, अजय कुमार साहू, मुकेश साव और पीड़ित मरीज के परिजन के साथ कई मीडियाकर्मी भी मौजूद रहें ।

## जीएम इंटर महाविद्यालय इचाक की छात्रा नैना कुमारी बनी कला संकाय में प्रखंड टॉपर



**हजारीबाग।** जी.एम.इंटर महाविद्यालय इचाक की छात्रा ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 कला संकाय में प्रखंड टॉप की। विदित हो कि 5 जून 2025 को प्रकाशित 12वीं कक्षा का कला संकाय के परिणाम में जी.एम. इंटर महाविद्यालय इचाक की छात्रा नैना कुमारी, पिता तिलेश्वर मेहता ,ग्राम बरका कला ने जिले में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ प्रखंड की टॉपर रही। वही जी. एम.इंटर कॉलेज इचाक की ही दूसरी छात्रा प्रिया कुमारी, पिता अशोक प्रसाद मेहता, ग्राम बरकाकाला ने प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही दोनों छात्राओं के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता का आशीर्वाद एवं महाविद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन को बताया। प्राचार्य शंभू कुमार ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि हमारा महाविद्यालय ऐसे ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों को हमेशा से निखारने का काम किया है। सचिव विनय कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभावान बच्चों को हमारा महाविद्यालय के कैरियर के निर्माण में हर प्रकार की मदद करने के लिए प्रयत्नशील है। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी काफी मेहनती और लगनशील दिखाई दे रहे हैं। महाविद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे आने का मौका देती है चाहे वह मेडिकल का क्षेत्र हो या शिक्षा का विद्यार्थियों को अपना करियर पर हमेशा दिशा निर्देश देती रहती है ताकि विद्यार्थी अपने मंजिल को पा सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रत्नेश कुमार राणा,संजीत कुमार,रवि कुमार,संगम कुमारी,ज्योति बाला,अजित हांसदा, प्रिया कुमारी,राजकुमार सिंहा,सुनीता टोप्पो का सराहनीय योगदान रहा।

# एनसीसी कैडेट्स ने गड़के गांव में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



एनसीसी कैडेट्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गड़के गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन एएनओ - लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कुल 41 कैडेट्स (जिसमें 18 एसडब्लू और 23 एसडी कैडेट्स शामिल थे) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कैडेट्स ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाए और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया पौधारोपण के साथ-साथ कैडेट्स ने साफ-सफाई अभियान चलाया और लोगों को यह संदेश दिया कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संदेश में कहा प्रकृति की रक्षा के लिए युवा पीढ़ी का यह प्रयास प्रेरणादायक है। हर पौधा हमारे भविष्य की सुरक्षा है। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण एक दिन का काम नहीं बल्कि यह जीवनशैली बननी चाहिए। एनसीसी कैडेट्स का यह योगदान सराहनीय है। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम का समापन सभी एनसीसी कैडेट्स और उपस्थित ग्रामीणों द्वारा पर्यावरण को बचाने और हर साल पौधे लगाने की शपथ के साथ किया गया।

## आज से 9 जून तक अनुमंडल क्षेत्र में घोषित की गई निषेधाज्ञा



**बरही।** बकरीद के मद्देनजर एसडीएम सह एसडीओ जोहन टुडू ने बरही अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार से सोमवार 9 जून तक बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा की घोषणा किया है. इसके लागू होते ही क्षेत्र में बिना अनुमति के सभा/बैठक/मेला के आयोजन प्रतिबंधित हो गया है. बकरीद पर्व के अवसर पर ताजिया या अन्य जुलूस के निकालने या प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित रहेंगे. डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों को 70 डीबी से अधिक के आवाज में नही बजाया जा सकेगा. इसके साथ ही घातक हथियारों के साथ या पांच से अधिक व्यक्तियों के समूह में चलने पर पाबंदी होंगे. सोशल मीडिया या नेटवर्क अथवा सार्वजनिक पोस्टर जिससे धार्मिक भावना भड़कने की संभावना होगी, पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे.

# बड़कागांव के उरीमारी में भाजपा मंडल के दौरे पर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग ।** सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरिमारी भाजपा मंडल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। यहां नापो खुर्द के मुखिया गणेश साव के सुपुत्र और स्थानीय भाजपा मंडल मंत्री अशोक साहू के सुपुत्री के शादी से पूर्व उनके घर पहुंचकर उनके मेंहदी रश्म में शामिल हुए और मांगलिक कार्यक्रम की परिवारजनों को बधाई दिया। एक नवजीवन शुरुआत हेतु दुल्हा एवं दुल्हन को बधाई देते हुए उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की अग्रिम कामना की । यहां से भुरकुंडा जाने के क्रम में उरीमारी पंचायत स्थित उरीमारी वर्कशॉप के समीप स्थानीय लोगों ने पेयजल की समस्या को सांसद मनीष जायसवाल के समक्ष रखा । मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, उरीमारी भाजपा मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव,मंडल महामंत्री सुमन गिरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।


## जिला दण्डाधिकारी -सह - उपायुक्त, कोडरमा
(विधि शाखा)

**कार्यालय आदेश**

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P.(PIL) No.1997/2019 JHARKHAND CIVIL SOCIETY -Versus- THE STATE OF JHARKHAND & OTHERS वाद में दिनांक 19.09.2023 को आदेश पारित करते हुए ध्वनि प्रदूशन से संबंधित शिकायतों को सुनने एवं उनके निराकरण करने हेतु पदाधिकारियों की नाम एवं मोबाईल संख्या तथा मोबाईल पी०सी०आर० भैन का मोबाईल नं० की सूचना निर्गत किये जाने का निदेश दिया गया है।

अतः उक्त आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के ज्ञापांक–322/वि०प्र० दिनांक 31.05.2025 से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत ध्वनि प्रदूशन से संबंधित शिकायतों को सुनने एवं उनके निराकरण करने हेतु थानावार पदाधिकारियों की नाम एवं मोबाईल संख्या तथा मोबाईल पी०सी०आर० भैन का मोबाईल नं० की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० | थाना का नाम | थाना प्रभारी का नाम | मोबाईल नम्बर | अभि० |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा | पु० नि० अरबिन्द कुमार | 9431706352 | |
| 2. | तिलैया | पु० नि० विनय कुमार | 9431706355 | |
| 3. | चन्दवारा | अ० नि० धनेश्वर कुमार | 9155001391 | |
| 4. | जयनगर | अ० नि० बबलू कुमार | 9431706356 | |
| 5. | मरकच्चो | अ० नि० नन्द किशोर तिवारी | 9431706358 | |
| 6. | नवलशाही | अ० नि० शशिभूषण सिंह | 9155001393 | |
| 7. | डोमचाँच | अ० नि० ओम प्रकाश | 9155001392 | |
| 8. | ढाब | अ० नि० रवि पंडित | 9155001394 | |
| 9. | सतगावाँ | अ० नि० सौरभ शर्मा | 9431706357 | |
| 10. | महिला थाना | म० अ० नि० पिंकी रानी | 9155001395 | |
| 11. | अनुसूचित जाति–जन जाति | अ० नि० बलेन्द्र दास | 9155001396 | |
| 12. | तिलैया डैम आ० पी० | अ० नि० नवीन चन्द्र तिवारी | 9264427293 | |

| क्र० | मोबाईल/पी०सी०आर० भैन सं० | पदाधिकारी का नाम | मोबाईल नं० | आवंटित क्षेत्र | अभि० |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईवा–01 JH-12G3887 | 1.पु०अ०नि० श्याम बिहारी<br>2.पु०अ०नि० सुधीर कुमार | 7050536415<br>9771573353 | गस्ती तिलैया से महतो आहरा तक | |
| 2. | हाईवा–02 JH-12G2185 | 1.पु०अ०नि० सतीष साव<br>2.स०अ०नि० गणेष कुमार यादव | 7061606228<br>9939128341 | कोडरमा घाटी | |
| 3. | शहरी पेट्रोलिंग JH-12G9357 | 1.पु०अ०नि० जटा शंकर कुमार<br>2.स०अ०नि० सहदेव प्र० यादव | 8271319936<br>8102091980 | कोडरमा घाटी | |

**चन्दवारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत**

| क्रॉ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | होईवा पेट्रोलिंग–04 JH-1G8261 | 1.पु०अ०नि० नरेन्द्र कुमार सिंह<br>2.पु०अ०नि० सरजु रजक | 9470111930<br>9631520471<br>6205107507 | चन्दवारा थाना से बहरी थाना सीमा क्षेत्र तक | |

| क्र० | चालक का नाम | मोबाईल नं० | अभि० |
|---|---|---|---|
| 1. | चालक आ०–107 सुरज कुमार पासवान | 9006085192 | |
| 2. | चा०आ०–256 संतोष मंडल | 6204197020 | |

**जयनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत**

पी०सी०आर० वाहन संख्या–JH-12G3932 चालक आ०–39 अजीत कुमार वर्णवाल, मो०नं०–9122464216, थाना प्रभारी, जयनगर थाना के द्वारा गश्ती कराया जाता है।

**नवलशाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत**

गाड़ी सख्या–JH-12G3774 के चालक हव० कमख्या सिंह, मो० नं०–6203872711, थाना प्रभारी, नवलशाही थाना के द्वारा गश्ती कराया जाता है।

नोट :– नियंत्रण कक्ष कोडरमा में प्रतिनियुक्त हाईवा–01, हाईवा–02 एवं शहरी पेट्रोलिंग का क्षेत्र एक माह पर बदलता रहता है एवं पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी की डियुटी प्रत्येक दिन गश्ती बार बदलता है एवं चन्दवारा जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों की डियुटी प्रत्येक दिन गश्ती बार कराया जाता है तथा जयनगर एवं नवलशाही थाना के थाना प्रभारी के द्वारा गश्ती कराई जाती है।

ह०/–
उपायुक्त,
कोडरमा

PR 354461 District (25-26)_D


### भुरकुंडा के सुन्दर नगर के संकीर्ण लोहा पुल का हुआ विस्तार

# सांसद ने चुनाव में किया वादा पूरा, लोगों को मिलेगी राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड स्थित भुरकुंडा के सुंदर नगर में जर्जर लोहा पुल के स्थिति का जायजा स्थानीय लोगों के आग्रह पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा चुनाव प्रचार और चुनाव जीतने के पश्चात आभार के दौरान बीते 19 जून 2024 को निरीक्षण लिया था तब उन्होंने निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों से इसके विस्तार और निर्माण कराने का वादा किया था। उस वक्त यह पुल लोहे का बेहद संकीर्ण पुल था और बंद था। शुक्रवार को इस लोहा पुल का न सिर्फ़ उत्थान हुआ बल्कि लोहा पुल से अब यह एक सुदृढ़ सीमेंटेड पुल बन गया है। रामगढ़ जिले के डीएमएफटी मद अंतर्गत करीब 50 लाख रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण हुआ है। अब निश्चित रूप से लोगों को इस पुल के जरिए आवागमन और परिवहन में सहूलियत होगी। शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी और सुंदर नगर मुखिया व्यास पांडेय सहित अन्य गणमान्य सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में इस नवीन पुल का फीता काटकर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर विधिवत् उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो चलता रहेगा लेकिन अपने समस्याओं से अगर अवगत कराएं तो निश्चित रूप से उसके निराकरण का पूर्ण प्रयास करेंगे।

# इंटरमीडिएट आर्ट्स में बेहतर रिजल्ट लाने पर छात्राओं को किया गया सम्मानित



**रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार और प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु के जिला टॉपर व रामगढ़ जिला के टॉप 10 केजीभीवी छात्राओं को भारत का संविधान किताब व पेन देकर सम्मानित किया । केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय पतरातु कि छात्राओं ने इंटरमीडिएट आर्ट्स परीक्षा में अच्छा परफॉर्मेंस की है। हमारा संगठन सपनो को साकार करने में हर संभव प्रयास करेगा। किसी भी प्रकार का कैरियर गाइड की जरूरत महसूस हो तो हम आप सबों के साथ खड़े रहेंगे । जेएलकेएम प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि रामगढ़ जिला के टॉप टेन में सिर्फ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु से सात परीक्षार्थियों ने अपनी महत्वपूर्ण जगह बनाई है, जो काबिले तारीफ है। इसमें विद्यालय की पूर्णकालिक फिजिकल टीचर सह वार्डेन पुष्पा कुमारी , प्रतिनियोजित शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, रसोइया, विद्यालय प्रबंधन समिति, स्कूल मैनेजमेंट व एनटीपीसी पतरातु सभी का रिस्पांस / समन्वय अच्छा रहने पर ही यह संभव हो पाया है ।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# हिमालय से झारखंड तक मॉनसून का बदला मिजाज

झारखंड हो या देश के अनेक भू भाग मौसम के चक्र के बदले मिजाज से आशंकित हैं। गर्मी नहीं पड़ेगी तो वाष्पीकरण नहीं होगा फिर वर्षा ठीक से कैसे होगी? अभी भी समय पूर्व मॉनसून की सूचना है। हिमालयी राज्यों में 2025 का मानसून समय से पहले आगमन के साथ गंभीर चुनौतियां भी साथ ला रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने सामान्य समय से पहले, यानी 10 से 15 जून तक पश्चिमी हिमालय के उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पहुंच सकता है। सामान्यतः इन राज्यों में मानसून जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के पहले सप्ताह (20 जून से 5 जुलाई) में आता रहा है, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, और मेघालय में यह जून के पहले सप्ताह (1 से 10 जून) में सक्रिय हो जाता है। इस बार, ला नीना की स्थिति और अनुकूल वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण मानसून ने केरल में 24 मई को दस्तक दे दी थी, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी आगमन है और सामान्य तिथि 1 जून से आठ दिन पहले है। मानसून की यह तेज गति मुंबई तक 26 मई को पहुंच गई, जो करीब 16 दिन पहले है। इस असामान्य गति ने हिमालयी क्षेत्रों में समय से पहले भारी बारिश और इसके परिणामस्वरूप होने वाले खतरों की आशंका को बढ़ा दिया है। प्रकृति का नियम है कि हिमालय में ऊंचाई बढ़ने के साथ बारिश कम होती जाती है। लगभग 5,000 मीटर की ऊंचाई के बाद, वर्षा बर्फ के रूप में गिरती है, जिससे स्थायी हिमाच्छादित क्षेत्र बनते हैं। ये क्षेत्र गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के लिए जल स्रोत हैं। 2013 की केदारनाथ त्रासदी समय से पहले मानसून के खतरों का एक भयावह उदाहरण है।इस बार, 10 जून तक मानसून के आगमन से उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है, जिससे छोटे नदी-नाले विकराल रूप धारण करते हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में भी यही जोखिम है। प्री-मानसून बारिश ने पहले ही कहर बरपाना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए, हिमाचल के रामपुर में 25 मई को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। मौसम विभाग के अनुसार, मेघालय में 30 मई को 30 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसने ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ाया। असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में जलभराव और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, मानसून की तेज गति के पीछे मेडन-जूलियन ऑसिलेशन (एमजेओ) की अनुकूल स्थिति और अरब सागर व बंगाल की खाड़ी में नमी की अधिकता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमालय और यूरेशिया में बर्फ की मात्रा कम होने से सतह का तापमान बढ़ा, जिसने मानसून की तीव्रता को बढ़ाया। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार 106 प्रतिशत दीर्घकालिक औसत वर्षा होगी। पिंडारी बेसिन अध्ययन के अनुसार, 1972–2018 के बीच स्नो लाइन के पीछे हटने में 1.36-1.67 मीटर प्रति वर्ष की वृद्धि हुई, जो जलवायु परिवर्तन का परिणाम है। समय पूर्व बारिश की वजह से कृषि पर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि खरीफ फसलों (धान, गन्ना, दाल) को अत्यधिक बारिश से नुकसान हो सकता है।



*हिमालयी राज्यों में 2025 का मानसून समय से पहले आगमन के साथ गंभीर चुनौतियां भी साथ ला रहा है।*

# हरित भविष्य को सशक्त बनाना : केंद्र के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदल दिया

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है। मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है। पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा। लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी।

2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था। वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में 10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से 1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है। दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति शृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।

चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ-साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निर्माताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किए हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है।

छठा, पीएम-कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा-गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है।

सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। 2014 में एफडीआई के मामूली प्रवाह से, भारत ने अप्रैल 2020 से सितंबर 2024 के दौरान आरई क्षेत्र में $19.98 बिलियन का एफडीआई आकर्षित किया, जो आज भारत में एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। इससे देश के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद और आर्थिक क्षमता का पता चलता है। इस यात्रा में एक अन्य प्रमुख उत्प्रेरक लगभग 20,000 करोड़ के निवेश समर्थन वाला राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ईंधन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

आठवां, पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव की रीढ़ बना हुआ है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और 2030 ट्रांसमिशन (पारेषण) रोडमैप में भारत का निवेश सुनिश्चित करता है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं ग्रिड से कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय तरीके से जुड़ सकें। यह पहल कटौती के जोखिम को कम करती है और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाती है।

नौवां, सरकार भारत के समुद्र तट की विशाल क्षमता का भी दोहन कर रही है। 2030 तक 37 गीगावॉट की निविदाओं की योजना के साथ अपतटीय पवन (ऑफशोर विंड) पहल को व्यवहार्यता अंतर निधि और मजबूत साइट सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित किया जा रहा है। गुजरात और तमिलनाडु में पायलट परियोजनाएं पहले से ही भारत के अगले अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की नींव रख रही हैं।

दसवीं बात, बिजली आपूर्ति में रुकावट की चुनौती को पहचानते हुए भारत ने हाइब्रिड और चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की नीति के साथ निर्णायक कदम उठाया है। पवन-सौर हाइब्रिड और ठोस एवं प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा (एफडीआरई) को बढ़ावा देकर भारत चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा समाधान तैयार कर रहा है। पाइपलाइन में 65 गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ, यह ग्रिड की विश्वसनीयता और जीवाश्म-आधारित बेसलोड बिजली के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण है।

ग्यारहवीं बात, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में हम उन घरों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले कभी बिजली नहीं थी। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए विशेष सौर कार्यक्रमों और पीएम जनमन मिशन और सीपीएसयू योजना चरण-II के तहत हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई है। ये सिर्फ ऊर्जा कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये सशक्तिकरण और समावेशी विकास के साधन हैं।

भारत सिर्फ अपने देश में ही प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि हम वैश्विक स्तर पर भी नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) ने 100 से ज्यादा देशों को एक साथ ला खड़ा किया है। 'एक सूर्य एक दुनिया एक ग्रिड' का विजन दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा किस तरह से देशों को एकजुट कर सकती है। यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संगठन भी है। दुनिया भारत को देख रही है। साथ ही दुनिया भारत से सीख रही है। री-इन्वेस्ट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के लिए 2030 तक 32.45 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया। अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रमुख बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने वित्तीय सहायता को मजबूती देने और इस क्षेत्र में निवेश में तेजी लाने के लिए भाग लिया। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने और राज्यों के बीच प्रदर्शन और नवाचार के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को प्रोत्साहन देने के लिए, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में 24 मई 2025 को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की। सूर्यमित्र, वायुमित्र और जल ऊर्जामित्र जैसी पहलों को भविष्य के लिए तैयार हरित कार्यबल को आकार देने के उद्देश्य से प्रमुख कौशल कार्यक्रमों के रूप में पेश किया गया।



### आगे की राह

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली क्षमता का लक्ष्य रखा है। अब तक, हम 228 गीगावाट के आंकड़े को छू चुके हैं।
- 176 गीगावाट निर्माणाधीन है। और 72 गीगावाट बोली के चरण में है। हम न केवल सही रास्ते पर हैं, बल्कि हम उम्मीद से बेहतर हैं। इससे न केवल हम अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे, बल्कि हमारी बिजली की मांग को भी समर्थन मिलेगा, जो 2032 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।
- साथ ही, हम 2047 तक 1,800 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। साथ में, ये उपलब्धियां स्वच्छ और समावेशी विकास द्वारा संचालित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की रीढ़ हैं।
- नए भारत का सूरज चमक रहा है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।

आज की बात



**प्रहलाद जोशी**
केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

# झारखंड : विकास की दौड़ में डगमगाता पर्यावरणीय संतुलन

5 जून का दिन हर वर्ष हमें पर्यावरण के महत्व की गूंज सुनाता है। परंतु, क्या हम सच में सुन पा रहे हैं इस पुकार को? विशेष रूप से झारखंड के परिप्रेक्ष्य में, जहाँ प्रकृति, आदिवासी संस्कृति और खनिज संसाधनों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है- पर्यावरण दिवस केवल औपचारिक रस्म नहीं, बल्कि चेतना और आत्ममंथन का अवसर है। झारखंड शब्द ही अपने आप में 'झाड़-खांड' अर्थात् जंगलों की भूमि का परिचायक है। परंतु दुखद सत्य यह है कि यह राज्य आज तेजी से अपने जंगल, अपनी नदियाँ, अपना प्राकृतिक वैभव और जैव विविधता खो रहा है। औद्योगीकरण, खनन, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव से यह क्षेत्र एक गहरे पारिस्थितिकीय संकट की ओर बढ़ रहा है। झारखंड देश का खनिज भंडार कहलाता है। कोयला, लौह अयस्क, तांबा, अभ्रक, बॉक्साइट जैसे खनिजों की प्रचुरता ने इसे देश के औद्योगिक मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिया है। धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, चाईबासा, रामगढ़, सरायकेला, चतरा, लोहरदगा जैसे जिलों में खनन का वृहद विस्तार है। किन्तु यही खनन गतिविधियाँ आज इसके पर्यावरणीय संकट की जड़ बन चुकी हैं। खुले गड्ढों की खदानें, वनों की कटाई, जल स्रोतों का दूषित होना, भूमि कटाव, वायु प्रदूषण और जैव विविधता का तेजी से विनाश ये खनन की वह भयावह सच्चाई है, जो स्थानीय लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष पीड़ा बनकर उभरती है। खनन के कारण होने वाले वनों के क्षरण से वर्षा चक्र भी प्रभावित हुआ है। इस क्षेत्र की पर्वतीय जलवायु में असंतुलन आया है और औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। झारखंड की 26 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आदिवासी है। इनका जीवन जंगल, जल और जमीन से गहराई से जुड़ा है। खनन, वन कटाई और भूमि अधिग्रहण ने इनके परंपरागत आजीविका साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। विस्थापन, बेरोजगारी, कुपोषण और सांस्कृतिक विघटन की समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। जनजातीय परंपराओं में प्रकृति को पूज्य मानने की परंपरा रही है। सरना, जाहेरथान, सिंगबोंगा आदि आस्थाएँ प्रकृति के साथ सामंजस्य की शिक्षा देती हैं। परंतु खनन कंपनियों और अनियंत्रित विकास परियोजनाओं ने इस सह-अस्तित्व को गहरा आघात पहुँचाया है। झारखंड के वनों में हाथी, तेंदुआ, बाघ, हिरण, सांभर, भालू और अनेक पक्षी प्रजातियाँ निवास करती थीं। लेकिन वनों के अतिक्रमण और विखंडन ने इनके आवास नष्ट कर दिए हैं। पलामू टाइगर रिजर्व जो कभी बाघों की शरणस्थली था, वहाँ आज बाघों की संख्या नगण्य हो गई है। हाथी मानव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। रांची, गुमला, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम में हाथियों का गाँवों में घुसकर फसलों का नुकसान और मानव मृत्यु की घटनाएँ चिंता का विषय हैं। वन्य जीवों का यह संघर्ष एक बड़ा संकेत है कि उनका प्राकृतिक आवास अब सिकुड़ चुका है और पारिस्थितिकीय तंत्र असंतुलित हो चुका है। खनन और वनों के क्षरण से झारखंड का जल संकट भी गंभीर होता जा रहा है। गर्मियों में रांची, बोकारो, धनबाद जैसे शहरों में जलापूर्ति बाधित होती है। ग्रामीण इलाकों में कुएँ व चापाकल सूखने लगे हैं। नदी तंत्र भी प्रभावित हुआ है। कोयल, शंख, दामोदर, स्वर्णरेखा जैसी नदियाँ प्रदूषण और जलविहीनता की चपेट में हैं। वर्षा का अनियमित चक्र और जल संचयन की उपेक्षा ने जल संकट को और भी गहरा बना दिया है। झारखंड पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विशेष रूप से दिखने लगा है। कभी नियमित और संतुलित मानसून वाला यह क्षेत्र अब या तो अल्पवृष्टि का शिकार होता है या बेमौसम मूसलधार बारिश का। खेती-किसानी इस परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित हो रही है। धान, मक्का, दलहन जैसी पारंपरिक फसलें संकट में हैं। फसल का चक्र प्रभावित हो रहा है और किसान कर्ज और पलायन के चक्र में फँस रहे हैं। इसके अतिरिक्त बढ़ती गर्मी, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव, जल जनित रोग, कुपोषण की समस्या और आजीविका का संकट भी उभर कर सामने आ रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, जल संरक्षण योजनाएँ, सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा प्रोत्साहन, वृक्षारोपण अभियान, जनजातीय समुदायों के लिए वनाधिकार कानून आदि शामिल है परंतु इन प्रयासों का धरातल पर क्रियान्वयन अभी भी चुनौतियों से जूझ रहा है। परियोजनाओं का केंद्रीकरण, भ्रष्टाचार, जन सहभागिता की कमी और दीर्घकालिक दृष्टि के अभाव के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मिथलेश दास**
शोधार्थी, राधा गोविंद विवि, रामगढ़, झारखंड

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सुबह सुबह की सोहनी, वो सर सर आवाज।
पूरे घर में गूंजती है, जैसे कोई साज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "शक्ति, ऊर्जा व समृद्धि का प्रतीक है सिंदूर"

भारत जैसे सनातन संस्कृति के वाहक देश में प्रतीकों का विशेष महत्व है। इन प्रतीकों में एक सर्वाधिक भावनात्मक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व रखने वाला प्रतीक है सिंदूर। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसकी आत्मा संस्कृति से जुड़ी है और जिसकी धमनियों में बहती है परंपरा की शाश्वत लालिमा। उसी परंपरा का एक जीवंत प्रतीक है सिंदूर। सिंदूर केवल एक रंग नहीं, एक भाव है। यह शक्ति है, ऊर्जा है, समर्पण है, सौभाग्य है, और सबसे बढ़कर भारत माँ की शक्ति की गरिमा है। भारतीय नारी के मस्तक पर सजे इस सिंदूर का हर कण एक व्रत, एक विश्वास, एक वंदना है, अपने परिवार, अपने राष्ट्र और अपने धर्म के लिए। सिंदूर बल्कि भारतीय स्त्री की श्रद्धा, शक्ति, ऊर्जा, और समृद्धि का स्वरूप है, जिसकी जड़ें हमारे धार्मिक ग्रंथों, लोक साहित्य और सांस्कृतिक मानस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। सनातन धर्म में सिंदूर को सौभाग्य, शक्ति और मंगल का प्रतीक माना गया है। गरुड़ पुराण में वर्णित है "सिन्दूरं सौभाग्यलक्ष्म्याः प्रतीकं मंगलाय च।" अर्थात् सिंदूर सौभाग्य और लक्ष्मी का प्रतीक है और मंगलकारक होता है। देवी पार्वती के द्वारा अपने मांग में सिंदूर भरने की परंपरा को आदर्श मानते हुए सभी विवाहित स्त्रियां इसे स्वीकार करती हैं। मान्यता है कि माता सीता ने श्रीराम के मंगल की कामना से सिंदूर लगाया था और यह परंपरा युगों से चली आ रही है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है "मस्तके यः सदा सिंदूरं धारयति पतिव्रता। सा लभते चिरं सौख्यं सौभाग्यं चापि निश्चलम्॥" अर्थात जो स्त्री सिंदूर धारण करती हैं, उसे चिरकालिक सुख, सौभाग्य और अखंड पतिव्रता धर्म की प्राप्ति होती है। भारतीय काव्य और नाट्य साहित्य में भी सिंदूर को सौंदर्य, समर्पण और शक्ति के रूप में देखा गया है। सूरदास, तुलसीदास, मीरा जैसे भक्त कवियों के पदों में, राधा-कृष्ण, सीता-राम, शिव-पार्वती के प्रेम में सिंदूर की झलक मिलती है। मैथिलीशरण गुप्त की कविता की पंक्ति है "सिंदूरी रेखा मस्तक की, जग से कहती कहानी है"। यह पंक्तियाँ सिंदूर की गरिमा को सामाजिक और सांस्कृतिक दायरे से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय चेतना से जोड़ती हैं। भारत में जब नारी सिंदूर लगाती है, तो वह न केवल अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना करती है, बल्कि वह सम्पूर्ण परिवार और राष्ट्र के समृद्ध भविष्य का आशीर्वाद भी मांगती है। यही नहीं, जब पुरुष अपने मस्तक पर तिलक लगाता है तो वह युद्धभूमि में उतरने से पहले "रणभेरी" बजाता है। यही कारण है कि हमारे वीर सैनिक जब युद्धभूमि की ओर निकलते हैं तो उनके माथे पर सिंदूरी तिलक होता है यह केवल एक परंपरा नहीं, यह एक संकल्प है। हाल ही में भारत द्वारा सीमा पार किए गए "ऑपरेशन सिंदूर" ने न केवल सैन्य कौशल का परिचय दिया, बल्कि यह एक सांस्कृतिक सन्देश भी था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का बयान ध्यान आता है "हमारे रगों में सिंदूर बहता है" इसका अभिप्राय यह है कि हम केवल भौगोलिक सीमाओं की रक्षा नहीं करते, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी मां-बहनों की मांग का सिंदूर, और हमारी अस्मिता की रक्षा हमारा कर्तव्य है। यह ऑपरेशन एक रणनीतिक पराक्रम के साथ-साथ एक सांस्कृतिक संकल्प भी था कि कोई भी आतंकवादी, कोई भी राष्ट्रविरोधी ताकत, भारत की मस्तक पर सजे सिंदूर को अपवित्र नहीं कर सकती। पर दुख की बात है कि प्रधानमंत्री के उपरोक्त बयान को विपक्ष के कुछ नेताओं ने मज़ाक और व्यंग्य का विषय बना दिया। किसी पवित्र प्रतीक को राजनीतिक हथियार बनाना न केवल नासमझी का परिचायक है, बल्कि यह राष्ट्र और उसकी संस्कृति के प्रति अनादर भी है। राजनीति करना अधिकार है, परंतु शब्दों के मर्म को समझे बिना टिप्पणी करना केवल अशिक्षित मानसिकता को दर्शाता है। राष्ट्र की रक्षा में लगे सैनिकों के त्याग को नकारना, उनके द्वारा सुरक्षित किए गए सिंदूर पर उंगली उठाना यह घोर अनैतिक है। कश्मीर भारत का मस्तक है, और उसी मस्तक पर सिंदूर की भांति सजा हुआ है यह सौंदर्य। भारतीय नारी अपने मस्तक पर सिंदूर सजाती है, तो हमारे सैनिक उसी मस्तक की सीमाओं पर अपने लहू से सिंदूर रचते हैं। हर सैनिक जब वर्दी पहनकर सीमा पर खड़ा होता है, तो वह केवल राष्ट्र की रक्षा नहीं करता वह भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, हमारी मांओं की मांग और बहनों के स्वाभिमान की रक्षा करता है। सिंदूर रंग नहीं, संकल्प है। सिंदूर लाल है, क्योंकि वह ऊर्जा का रंग है, मस्तक पर है, क्योंकि वह चेतना का केंद्र है, धर्म में है, क्योंकि वह नारी शक्ति का प्रतीक है, रक्षा में है, क्योंकि वह सैनिक की प्रेरणा है। इसलिए, जब कोई "सिंदूर" की बात करता है, तो वह भारत की आत्मा, उसकी नारी शक्ति, और उसके वीर जवानों के शौर्य की बात करता है। "सिंदूर" मात्र सौंदर्य प्रसाधन नहीं, यह संस्कृति का ताज है। यह भारत माता की मस्तक पर सजे उस ललाट का नाम है, जिसकी रक्षा हेतु न जाने कितने शूरवीरों ने बलिदान दिया है। हमें तय करना होगा कि हम संस्कृति का सम्मान करेंगे या उसे राजनीति की भाषा में अपमानित करेंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राम मंदिर के भव्य-दिव्य के साथ और विराट होने की आकांक्षा : स्वामी दिलीप

**एजेंसी। अयोध्या**

रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी दिलीप दास त्यागी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अयोध्या में चल रहे राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर भव्य, दिव्य और नवीन है। उनके अनुसार, सनातन धर्म में भारत में ऐसा कोई दूसरा धार्मिक स्थल नहीं है, जिसके प्रति लोगों की इतनी आस्था और लगाव हो। स्वामी दिलीप दास ने बताया कि भगवान रामलला की जन्मभूमि के लिए लोगों ने बलिदान दिया है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या सृष्टि की पहली धरती है, जिसे महाराजा मनु ने बसाया था। भगवान श्री राम के अवतरण से पहले ही अयोध्या का अस्तित्व था और उनके जन्म से यह और गौरवान्वित हो गई।स्वामी दिलीप दास त्यागी ने कहा कि राम मंदिर की भव्यता की कल्पना विराट थी। इसे और भव्य होना चाहिए था। जितना बड़ा मंदिर बन रहा है, उतने बड़े मंदिर भारत में पहले से मौजूद हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैन धर्म के अनुयायियों ने कई भव्य मंदिर बनाए हैं। उन्होंने वृंदावन के प्रेम मंदिर का जिक्र किया, जिसे जगतगुरु कृपालु जी महाराज ने अकेले बनवाया। राम मंदिर के लिए पूरा देश और सनातन धर्मी एकजुट हुए हैं। वे वर्तमान निर्माण से संतुष्ट हैं, लेकिन उनकी आकांक्षा है कि मंदिर और विराट हो।



उन्होंने यह भी कहा कि संतुष्टि जीवन जीने का तरीका है, लेकिन आकांक्षा, उम्मीद और बड़ी सोच भी जरूरी है। लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए दिल खोलकर दान, समर्पण और सहयोग किया। भगवान राम ने ऐसा समय बनाया कि पहले ढाई एकड़ का क्षेत्र अब सैकड़ों एकड़ में फैल गया है।स्वामी दिलीप दास ने अयोध्या के विकास में सभी की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या के मौजूदा लोकसभा सदस्य को अपनी सांसद निधि और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल कर अभी से विकास में योगदान देना चाहिए।

## गुजरात के व्यवसायी ने राम मंदिर न्यास को हीरे जड़ित मुकुट और सोने के धनुष दान किये

पवित्र नगरी अयोध्या गुरुवार को एक नई आध्यात्मिक ऊंचाई पर पहुंच गई, जब श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में भव्यता के साथ राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। गुजरात के भक्तों के लिए एक खास बात यह थी कि मूर्तियों को अलंकृत आभूषणों से सजाया गया था, जिसमें 1,000 कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना और 300 कैरेट के माणिक शामिल थे - ये सभी सूरत के व्यवसायी मुकेश पटेल द्वारा दान किए गए थे। इन कीमती रत्नों का उपयोग 11 मुकुट, 3 गदा, हार, तिलक, झुमके और धनुष और बाण का एक सेट बनाने के लिए किया गया था। आभूषणों को सरकारी सहायता से एक चार्टर्ड विमान के माध्यम से अयोध्या ले जाया गया और राम जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंप दिया गया। इसके अलावा आपको बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में 45 किलोग्राम खरा सोने का इस्तेमाल किया गया, जिसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर में कुल 45 किलोग्राम खरा (24 कैरेट) सोने का इस्तेमाल किया गया है।



# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए बड़ी पहल

### किरेन रिजिजू ने लॉन्च किया 'उम्मीद' पोर्टल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शुक्रवार को 'उम्मीद' (एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल देश भर की वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत शुरू किए गए इस पोर्टल के माध्यम से अब सभी वक्फ बोर्डों की संपत्तियों का निर्धारित समयसीमा के भीतर पंजीकरण किया जाएगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन को सशक्त, प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आज 'उम्मीद' पोर्टल का शुभारंभ एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी पहले भी कह चुके हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश में जो महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, उनमें वक्फ संशोधन अधिनियम भी एक बड़ा कदम है। यह कोई सामान्य निर्णय नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक ऐतिहासिक पहल है।"रिजिजू ने बताया कि देश में 9 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं। आने वाले समय में इन सभी का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

## आरसीबी के मार्केटिंग हेड समेत चार गिरफ्तार, न्यायिक आयोग का गठन

**एजेंसी। बेंगलुरू**

- इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के तीन लोग – सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत हिरासत में

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ मामले में पुलिस ने आरसीबी से संबंधित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि इवेंट कंपनी के तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आरोपितों से पूछताछ कर रहे हैं। चिन्नास्वामी भगदड़ मामले में बेंगलुरु की कब्बन पार्क पुलिस ने शुक्रवार को आरसीबी मार्केटिंग विभाग के प्रमुख निखिल सोसले को गिरफ्तार किया है, जबकि इवेंट कंपनी डीएनए इंस्टीट्यूट के सुनील मैथ्यू, किरण और सुमंत को हिरासत में लिया गया है। शेषाद्रिपुर अनुमंडल के एसीपी प्रकाश पुलिस चारों आरोपितों से पूछताछ कर रहे हैं। निखिल को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह मुंबई जाने के लिए एयरपोर्ट जा रहा था। कर्नाटक पुलिस गिरफ्त में लिये गये लोगों से फिलहाल यह जानने की कोशिश कर रही है कि कार्यक्रम के आयोजन में किन-किन नियमों की अनदेखी की गई, किसकी अनुमति से आयोजन हुआ और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं? इसके पीछे कौन जिम्मेदार है? इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

## विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से श्रीनगर की राह आसान

# पहलगाम की साजिश रचने वालों को मिला करारा जवाब



**एजेंसी। कटरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चेनाब ब्रिज का उद्घाटन किया और इस अभूतपूर्व परियोजना को संभव बनाने वाले इंजीनियरों और निर्माण श्रमिकों की पीठ थपथपाई। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी 48,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ करने वाले हैं। हालांकि, परियोजनाओं के शुभारंभ के बीच जिस पल ने सभी का ध्यान खींचा, वह था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर राष्ट्रीय ध्वज लहराना।

इंजीनियरिंग के इस चमत्कार का उद्घाटन करने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने चेनाब नदी के ऊपर बने पुल पर सैर की और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर गर्व से तिरंगा लहराया।

प्रधानमंत्री मोदी का यह कदम पहलगाम हमले के षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब देने के साथ-साथ पाकिस्तान के लिए भी कड़ा संदेश था। साथ ही घाटी में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को भी इससे बल मिलेगा। पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बाद घाटी में पर्यटन को भी झटका लगा था।

चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगा और सभी मौसम में संपर्क सुनिश्चित करेगा। यह भूकंप और सर्दियों के दौरान सबसे न्यूनतम तापमान को भी झेल सकता है, जब पारा शून्य से नीचे चला जाता है। चिनाब रेलवे पुल के उद्घाटन के बाद, पीएम मोदी ने एक फोटो प्रदर्शनी भी देखी, जिसमें पुल के निर्माण के दौरान आने वाली तकनीकी कठिनाइयों को प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने इंजीनियरों और श्रमिकों के साथ भी बातचीत की, जिन्होंने मौसम और स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए 359 मीटर ऊंचे दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के काम को पूरा किया, जो पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। चिनाब ब्रिज को एक वास्तुशिल्प चमत्कार के रूप में सराहा जाता है, जो नदी से 359 मीटर ऊपर खड़ा है।



- पुल पर तिरंगा लहराना–देशभक्ति और पाकिस्तान को सख्त संदेश
- यह पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) के बाद सरकार की सख्त नीति और आत्मबल का प्रतीकात्मक जवाब था

### कश्मीर को देश से जोड़ने का सपना साकारः उमर अब्दुल्ला



- जो ख्वाब अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए वो पूरा हुआ

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। सीएम ने कहा कि जो ख्वाब अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए थे, वो ख्वाब पीएम मोदी ने पूरा किया है। उन्होंने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए धन्यवाद दिया।

जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी के दौरे को लेकर सीएम अब्दुल्ला ने एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस रेल परियोजना का ख्वाब कई लोगों ने देखा। यहां तक की कश्मीर को मुल्क के साथ जोड़ने का ख्याब अंग्रेजों ने भी देखा था। लेकिन, वह पूरा नहीं कर पाए। जो ख्वाब अंग्रेजों की ओर से पूरा नहीं हो पाया। वह ख्याब पीएम मोदी ने पूरा किया। जम्मू-कश्मीर का वादी को बाकी मुल्क से जोड़ दिया गया। सीएम ने कहा कि आज मुझसे बड़ी भूल होगी अगर मैं पूर्व पीएम अटल विहारी वाजपेयी को याद न करूं तो। जब इस प्रोजेक्ट की नींव रखी गई थी, तब वह आठवीं कक्षा में पढ़ते थे। अब वह 55 साल के हो चुके हैं। पूर्व पीएम ने इस प्रोजेक्ट को खास अहमियत दी थी और तुरंत फंड जारी करवाया था, लेकिन इसे पूरा होने में इतना समय लग गया।

### पीएम मोदी के सामने बोले उमर अब्दुल्ला

# एलजी साहब का प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

- उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की माँग दोहराई
- कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ही पूरा होगा

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कटरा में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि केंद्र जल्द ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देगा, जिसे 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया था। उन्होंने कहा कि इसे भाग्य कहें या नियति, लेकिन जब भी रेलवे से जुड़े कार्यक्रम हुए हैं, मुझे जम्मू-कश्मीर में सभी रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन हुआ। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन हुआ। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन हुआ था, तब भी यही चार लोग यहां मौजूद थे... जबकि तत्कालीन रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर के एलजी के पद पर पदोन्नत किया गया, मुझे एक राज्य के सीएम से एक केंद्र शासित प्रदेश के सीएम के रूप में पदावनत किया गया। लेकिन हम जानेंगे कि चीजें सामान्य हो जाएंगी और जम्मू-कश्मीर को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा एक राज्य का दर्जा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने घाटी को शेष भारत से जोड़ा, एक ऐसा प्रोजेक्ट जो अंग्रेज भी नहीं कर पाए। उन्होंने चेनाब ब्रिज के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "कई लोगों ने इस ट्रेन सेवा का सपना देखा था... जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, उसे आपने पूरा किया और कश्मीर घाटी अब देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गई है। इस अवसर पर, अगर मैं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र न करूं और उनका आभार न जताऊं तो यह मेरी गलती होगी... मैं 8वीं में पढ़ता था जब इस परियोजना की नींव रखी गई थी।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृष :** बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी।

**मिथुन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

# 'डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है'

### राजस्थान सरकार पर सचिन पायलट का निशाना

**एजेंसी। राजस्थान**



राजस्थान में भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में जहां बीजेपी अपनी तारीफों के पुल बांध रही हैं वहीं विपक्ष राज्य सरकार की कमियां गिना रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार प्रशासन पर अपनी पकड़ खो चुकी है और सत्ता के कई केंद्र इसकी बागडोर अपने हाथ में ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "उनके बीच इतना तनाव है कि सरकार अपनी पकड़ खो चुकी है।" उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पंचायतों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए तैयार नहीं है।

**डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है: सचिन पायलट :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकारी हावी हैं और मनमर्जी से काम होता है। पायलट ने टोंक में मीडिया से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, ''पूरा देश यह जान चुका है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है, कामयाब नहीं हो रहा।'' 'डबल इंजन' सरकार का संदर्भ केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के लिए दिया जाता है।

**सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ दिल्ली के आकाओं को खुश करने में लगा–पायलट :** उन्होंने कहा, ''सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को देखकर लगता है कि जो काम हम करके गये थे, जो हमने शुरू कर दिए थे और मंजूर कर दिए थे, वे इन कामों की देखरेख भी नहीं कर पा रहे।'' पायलट ने कहा, ''यह बहुत दुखद बात है कि सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ दिल्ली के आकाओं को खुश करने में लगा हुआ है।

## बेंगलुरु पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कोरमंगला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सुबह करीब 11 बजे भेजे गए एक खतरनाक ईमेल में पासपोर्ट कार्यालय और मुख्यमंत्री के आवास दोनों को निशाना बनाकर IED (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से लैस आत्मघाती हमलावरों की चेतावनी दी गई थी। संदेश में दावा किया गया था कि हमले की योजना आज दोपहर 3:15 बजे बनाई गई थी। पासपोर्ट अधिकारियों को संबोधित और पाकिस्तान में इस्लामाबाद पुलिस को भेजी गई ईमेल में दावा किया गया था कि वह खुद को विदुथलाई पुली कहने वाले एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें धार्मिक प्रेरणाओं का हवाला दिया गया था और सवुक्कु शंकर और कसाब 'भाई' जैसे लोगों की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए कहा गया था।

### मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा-

# गोहत्या पर दिल्ली में नहीं, सारे देश में प्रतिबंध लगना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीयमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि गोहत्या पर दिल्ली में ही नहीं, पूरे देश में प्रतिबंध लगना चाहिए। गोहत्या महापाप है। यह इस्लामियत के भी विपरीत है। उन्होंने इस संबंध में बकरीद पर दिल्ली में लगाए गए गोहत्या पर प्रतिबंध की सराहना की है। पूर्व केंद्रीयमंत्री नकवी ने आज जारी वाडियो बयान में कहा कि दिल्ली सरकार ने बकरीद के मद्देनजर जो सख्त सलाह जारी की है, वह स्वागत योग्य कदम है। दिल्ली सरकार ने गाय, बछड़ा, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक लगाकर देश का मन जीत लिया है।

## जातिगत जनगणना से जुड़े पुराने आंकड़े फिर सुर्खियों में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- 1931 में हुई जाति जनगणना का क्या है महत्व, कौन सी जाति सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी थी

देश में जाति को लेकर सियासत लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। लगातार विपक्षी दल केंद्र से जातिगत जनगणना की मांग कर रही थी। इसी कड़ी में केंद्र ने भी जातिगत जनगणना को लेकर अपनी मंजूरी दे दी। ऐसे में भारत में 1931 के बाद पहली बार जातिगत जनगणना कराई जाएगी। ब्रिटिश शासन के दौरान आखिरी बार 1931 में जातिगत जनगणना कराई गई थी। बताया जा रहा है कि 2027 के आखिर तक देश में जातिगत जनगणना पूरी हो जाएगी। इसे कराने का मकसद हर वर्ग को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजना बनाना है। चूंकि सरकार आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जाति गणना को शामिल करने की तैयारी कर रही है, इसलिए इससे लगभग एक शताब्दी पहले - 1931 में - की गई अंतिम पूर्ण जाति जनगणना की यादें ताजा हो गई हैं। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान की गई वह ऐतिहासिक प्रक्रिया, आज भी देश के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर अपनी गहरी छाया डालती है। रिपोर्टों के अनुसार, 1901 में इसी तरह के प्रयास के बाद 1931 की जनगणना जातियों की गणना करने वाली दूसरी जनगणना थी। इसने उस समय भारतीय समाज की संरचना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## मीठी नदी सफाई घोटाला मामले के एक्टर डिनो मोरिया सहित कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। मुंबई**

मीठी नदी सफाई घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शुक्रवार को सुबह से एक्टर डिनो मोरिया, मुख्य आरोपित केतन कदम और जयेश जोशी के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम को इस छापेमारी के दौरान बहुत से महत्वपूर्ण सबूत मिलने के संकेत हैं, लेकिन ईडी ने इसकी अधिकृत जानकारी मीडिया को नहीं दी है। सूत्रों के अनुसार आज सुबह करीब पांच बजे ईडी की टीम एक्टर डिनो मोरिया, उनके भाई और अन्य आरोपितों के आवास पर पहुंची और तब से लगातार छापेमारी कर रही थी। ईडी की टीम इस मामले में हुई वित्तीय अनियमितता के कागजात की भी छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान महत्वपूर्ण सबूत ईडी के हाथ लगे हैं।

## रूको, मैं आपको याद दिलाता हूं...

# "ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल को सरमा की फटकार"

**एजेंसी। नई दिल्ली**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'नरेंद्र सरेंडर' कहने वाली कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की हालिया टिप्पणियों पर तीखा पलटवार किया। गांधी ने यह टिप्पणी 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कथित अमेरिकी संलिप्तता के संदर्भ में की थी, जिस पर असम के सीएम ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी का भारत के राष्ट्रीय हितों को आत्मसमर्पण करने का लंबा इतिहास रहा है। एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट में सीएम सरमा ने ऐतिहासिक घटनाओं का हवाला दिया और कांग्रेस नेताओं, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। सरमा ने लिखा, ऑपरेशन सिंदूर की भारी सफलता के बावजूद राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी का मज़ाक उड़ाने की हिम्मत कर रहे हैं। आइए उन्हें याद दिलाएं कि वास्तव में किस पार्टी ने भारत के हितों का त्याग किया और अपने लोगों के साथ विश्वासघात किया।

### हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा लगाए गए मुख्य आरोप



**कश्मीर/पीओके विश्वासघात (1947-48):** सरमा ने कहा कि कश्मीर संघर्ष के दौरान संयुक्त राष्ट्र से संपर्क करने के नेहरू के फैसले ने भारत की सैन्य प्रगति को रोक दिया, जिससे पाकिस्तान के क जे वाले कश्मीर (पीओके) का निर्माण हुआ। वैश्विक तुष्टिकरण की वेदी पर एक सैन्य जीत की बलि दी गई।

**अक्साई चिन (1962):** उन्होंने नेहरू पर चीन को बिना किसी प्रतिरोध के 38,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने की अनुमति देने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि इससे असम और पूर्वोत्तर असुरक्षित हो गया। "मैं असम के लोगों के लिए दुखी हूँ।" क्या यह राजनेता था या राहुल गांधी का आत्मसमर्पण? असम लगभग कट गया था। पूरे पूर्वोत्तर को भाग्य पर छोड़ दिया गया था।

**1971 का युद्ध :** सरमा ने युद्ध के बाद पीओके की वापसी या क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बातचीत किए बिना 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा करने के लिए इंदिरा गांधी की आलोचना की। परमाणु नीति पर: मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अमेरिकी दबाव में परमाणु परीक्षण टाल दिया, उन्होंने भारत की 1998 की परमाणु घोषणा का श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को दिया। 26/11 मुंबई हमलों पर: उन्होंने पाकिस्तान से प्रेरित आतंकवादी हमलों के बाद न्याय दिलाने या जवाबी कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की आलोचना की।

# आरसीबी ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने बुधवार को बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिवारों में प्रत्येक को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी ने गुरूवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा,'' बेंगलुरु में हुई इस भगदड़ की घटना से हमें गहरा दुःख और पीड़ा पहुंची है। घटना में मारे गए 11 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हम हर एक को 10 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा करते हैं।'' टीम ने बयान में कहा, ''इसके अतिरिक्त हम इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नामक कोष बनाने की भी घोषणा करते हैं। हमारे प्रशंसक हमेशा हमारे दिलों में हमारे साथ रहेंगे। इस दुःख की घड़ी में हम उनके साथ हैं।'' इससे पहले राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने और घायलों का सरकार की तरफ से मुफ्त इलाज कराने की घोषणा की है।

## न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रॉब वाल्टर

**क्राइस्टचर्च (आईएएनएस)।** अगले तीन सालों के लिए सभी फॉर्मेट में रॉब वाल्टर को 'ब्लैककैप्स' का हेड कोच नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। रॉब वाल्टर की नियुक्ति जून के मध्य से लेकर अक्टूबर-नवंबर 2028 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप तक प्रभावी रहेगी। इसका मतलब है कि वाल्टर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, 2028 एलए ओलंपिक और तीन प्रमुख आईसीसी ईवेंट्स (आईसीसी 2026 टी20 वर्ल्ड कप, आईसीसी 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप और आईसीसी 2028 टी20 वर्ल्ड कप) समेत एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में कीवी टीम की देखरेख करेंगे।



## पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। करीब दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपने इस फैसले के बारे में ईएसपीएनक्रिकइंफो हिंदी से भी बात की। चावला ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं।" उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने, 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप की विजेता टीम का हिस्सा बनने को अपने जीवन का सबसे आशीर्वाद बताया और लिखा कि ये यादें हमेशा उनके दिल में बसी रहेंगी।



### टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना

# दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को होगा पहला मुकाबला

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋशभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।



## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए नई ट्रॉफी की घोषणा

नई ट्रॉफी की घोषणा इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। तेंदुलकर और एंडरसन दोनों 11 जून से शुरु होने वाले डब्लूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट आज से इंडिया-ए को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा। इंग्लैंड लायंस और इंडिया ए के बीच पहला मैच ड्रॉ रहा था। दूसरा मैच आज से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा।

## गिल के पास नई भारतीय टीम में सामूहिक संस्कृति बनाने का मौका है : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि शुभमन गिल के पास टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में एक मजबूत सामूहिक संस्कृति विकसित करने का अवसर है, जो 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के माध्यम से एक नए युग में कदम रखने के लिए तैयार है। गिल के नेतृत्व में, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट होगा। "एक नेतृत्व समूह बनाएं- 4-5 खिलाड़ियों को एक साथ लाएं और एक कोर बनाएं। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल करें। भेड़ियों का एक झुंड बनाएं। ये वे लोग हैं जो आज, छह महीने बाद और पांच साल बाद आपके साथ होंगे। चोपड़ा ने जियोहॉटस्टार पर कहा, "युवा टीम के साथ, यह महत्वपूर्ण है कि कप्तान समूह के साथ आगे बढ़े। सीनियर और जूनियर की अक्सर अलग-अलग दिनचर्या और मंडलियां होती हैं- लेकिन इस नए रूप वाली टीम के साथ, आपके पास सामूहिक संस्कृति बनाने का मौका है। यह एक ऐसा दुर्लभ अवसर है, जिससे एक बंधन और एक ऐसी कहानी बनाई जा सकती है, जिस पर पूरे देश को गर्व होगा।



1. **कोहली से प्रेरणा लें, उनकी नकल नहीं करें :** शुभमन गिल को विराट कोहली की मानसिकता, नेतृत्व और रनों की भूख से प्रेरणा लेनी चाहिए, लेकिन उनकी बैटिंग पोजिशन या आंकड़ों की नकल नहीं करनी चाहिए।
2. **बल्लेबाजी क्रम व्यक्तिगत होता है :** बल्लेबाजी की स्थिति नकल करने का विषय नहीं, बल्कि टीम की ज़रूरत और खिलाड़ी की क्षमता के अनुसार तय होनी चाहिए।

### प्रीति जिंटा ने 'पंजाब किंग्स' के लिए लिखा इमोशनल मैसेज

## 'हार के बावजूद, शानदार रहा सफर'

**मुंबई (आईएएनएस)**

अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर अपनी टीम के लिए एक पोस्ट किया, जिसमें वह भावुक नजर आईं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में हार के बावजूद अपनी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर सराहना की। प्रीति जिंटा का मानना है कि भले ही टीम फाइनल में हार गई, लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जज्बे, धैर्य और जोश के साथ शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति जिंटा ने पंजाब किंग्स की एक तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीजन उनके लिए खास था। अभिनेत्री ने लिखा, "टीम और कप्तान ने शानदार नेतृत्व किया। नए भारतीय खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। इस बार कई चुनौतियां आईं।





## नेशंस लीग 2025 : लामिन यमल का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को हराकर फाइनल में स्पेन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

लामिन यमल के दो गोल की मदद से स्पेन ने स्टटगार्ट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पेन लगातार तीसरी बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंचा है। टीम पिछले 12 नेशंस लीग मुकाबलों से (8 जीत, 4 ड्रॉ) में अजेय है। अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी। स्पेन ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। फ्रांस ने गेंद को अपने पास रखा और स्पेन की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की। मुकाबले के 22वें मिनट स्टार खिलाड़ी लामिन यमल ने बॉक्स में ओयारजाबल को पास दिया। इसके तीन मिनट बाद (25वें मिनट) मिकेल मेरिनो और ओयारजाबल ने गेंद तेजी से एक-दूसरे को पास की और मेरिनो ने गेंद को बॉक्स के अंदर डाल दिया। मुकाबले के 54वें मिनट यामल ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया और एक मिनट बाद पेड्री ने चौथा गोल दाग दिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में अब 112 देशों से आ रहा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अब 112 देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, जबकि 2013-14 में यह आंकड़ा 89 था। इससे देश की ग्लोबल अपील में वृद्धि की जानकारी मिलती है। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित वाणिज्य भवन में इन्वेस्टर राउंडटेबल को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सफलता की कहानी न केवल प्रभावशाली आंकड़ों के बारे में है, बल्कि यह दूरदर्शी सुधारों, नीतिगत स्पष्टता और भारत के आर्थिक भविष्य में वैश्विक समुदाय के भरोसे का भी प्रतिबिंब है। निवेशक-अनुकूल नीति व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिकांश सेक्टरों में ऑटोमेटिक रूट से 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। राउंडटेबल में प्रमुख कंपनियों, औद्योगिक पार्कों और औद्योगिक संघों के पक्षकारों सहित 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों के 50 से अधिक औद्योगिक पार्कों का प्रतिनिधित्व किया गया।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि एफडीआई भारत के विकास की आधारशिला है और भारत की क्षमता में वैश्विक विश्वास का एक प्रमुख संकेतक है। उन्होंने देश के भीतर पुनर्निवेश बढ़ाने, औद्योगिक पार्क के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नए विस्तार के अवसरों का पता लगाने के लिए निवेशकों से विचार और सुझाव आमंत्रित किए।

### आर्थिक विकास को गति देने के लिए पक्षकारों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



पक्षकारों ने भूमि एवं श्रम सुधार, कौशल विकास, केंद्र-राज्य नीति समन्वय, विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में एफडीआई सीमा बढ़ाने और विनिर्माण एवं हरित ऊर्जा में निवेश को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सुझाव भी साझा किए।

## एमएसपी रिकॉर्ड : केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद तीन वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में 29.92 मिलियन टन गेहूं की खरीद की है। इसमें पिछले साल की अपेक्षा 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और बीते तीन वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदने का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह खरीद देश भर के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों की मंडियों में पहुंचे कुल 40.42 मिलियन टन गेहूं में से की गई है। जो सरकार द्वारा दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम नहीं हो सकती है।

## मोतीलाल ओसवाल ने भारती हेक्साकॉम की घटाई रेटिंग, शेयर 3.5% से अधिक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)** । ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल के भारती हेक्साकॉम के शेयर को 'बाय' से 'न्यूट्रल' रेटिंग में डाउनग्रेड करने और 1,900 रुपए का टारगेट प्राइस निर्धारित करने के बाद शुक्रवार को इसका असर कंपनी के शेयर पर दिखा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर इंट्रा-डे ट्रेडिंग के दौरान भारती हेक्साकॉम के शेयरों में 3.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई और यह 1,810 रुपए पर आ गया। ब्रोकरज का कहना है कि रेटिंग को डाउनग्रेड करने का मुख्य कारण शेयर का हाई-वैल्यूएशन है।

## सेबी ने मेहुल चोकसी के बैंक अकाउंट्स और इन्वेस्टमेंट्स को फ्रीज किया



*गजेरा ने दिसंबर 2017 में कंपनी में अपनी पूरी 5.75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी।*

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2.1 करोड़ रुपए की वसूली के लिए फरार कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, म्यूचुअल फंड और शेयरों को कुर्क करने का आदेश दिया है। यह राशि गीतांजलि जेम्स के शेयरों में इंसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाए गए जुर्माने से संबंधित है। गीतांजलि जेम्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रह चुके चोकसी पर अपने सहयोगी राकेश गिरधरलाल गजेरा के साथ अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) साझा करने का आरोप है। इस जानकारी के आधार पर गजेरा ने दिसंबर 2017 में कंपनी में अपनी पूरी 5.75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी थी। गजेरा ने यह कदम कंपनी से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों का विवरण सार्वजनिक होने से पहले नुकसान से बचने के लिए उठाया था। इसके लिए जनवरी 2022 में सेबी ने चोकसी पर 1.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था और पूरे एक साल के लिए ट्रेडिंग से बैन कर दिया था।

## टॉप बैंकर्स ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के आरबीआई के उपायों की सराहना की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

टॉप बैंकर्स ने शुक्रवार को रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चार किस्तों में 100 आधार अंकों की कटौती के रिजर्व बैंक के फैसले की सराहना की। बैंकर्स का कहना है कि आरबीआई के नीतिगत कदम से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण विस्तार के लिए आवश्यक प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को रिवाइज कर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है, जो आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप है। यह संशोधन केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के प्रति विश्वास को दिखाता है।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, "सीआरआर में कटौती के फैसले से प्राइमरी लिक्विडिटी में 2.5 लाख करोड़ रुपए जारी होने की उम्मीद है, जो बैंकिंग सिस्टम में ऋण की स्थिति को आसान बनाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 6.5 प्रतिशत रहने और स्थिर तिमाही ट्रेंड के अनुमान के साथ यह ओवरऑल नीति एक सुनियोजित और विचारशील अप्रोच को दर्शाती है।



## रेपो रेट में कटौती ने शेयर बाजार में भरा जोश, निफ्टी बैंक ऑल-टाइम हाई पर बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट में 50 आधार अंक की कटौती के बाद शेयर बाजार में शुक्रवार को बड़ी तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,188.99 और निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,003.05 पर था। इस तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 817.55 अंक या 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,578.40 पर बंद हुआ। दिन के दौरान बैंक निफ्टी ने 56,695 का स्तर छुआ, जो कि मुख्य बैंकिंग इंडेक्स का अब तक का उच्चतम स्तर है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 707.30 अंक या 1.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,010.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 149.85 अंक या 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,582.45 पर था।



# बटाने नदी का उद्गम से सीमा तक होगा जीर्णोद्धार : उपायुक्त

● एसओपी के तहत मनरेगा, जलछाजन, वन विभाग और नीति आयोग की योजनाओं से होगा कार्यान्वयन, जिला स्तरीय कमेटी गठित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय वेश्म में बटाने नदी इको सिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में बटाने नदी के उद्गम स्थल से लेकर पलामू जिला की सीमा तक नदी के पुनर्जीवन (जीर्णोद्धार) से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

नदी क्षेत्र में छोटे-छोटे चेक डैम, जलाशय, बराज एवं अन्य स्थायी संरचनाओं के सर्वेक्षण के उपरांत एक वृहद एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस योजना को कन्वर्जेंस मॉडल के तहत वन विभाग, नीति आयोग, मनरेगा, जलछाजन जैसी विभिन्न योजनाओं से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य समयबद्ध व अभियान रूप में संपन्न हो, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण, पर्यावरण सुधार व ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिल सके। बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तर पर एक कमेटी के गठन की भी घोषणा की, जिसकी अध्यक्षता स्वयं करेंगी, जबकि वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार को कमेटी का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उनके नेतृत्व में एक विशेषज्ञ टीम एसओपी का मसौदा तैयार करेगी। उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि वे कन्वर्जेंस से जुड़े विभागों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही, अपर समाहर्ता को बटाने नदी क्षेत्र में भू-अर्जन, राहत, पुनर्वास एवं स्थानीय निवासियों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग लातेहार एवं महुआडांड़ थाना की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 500 किलो जावा महुआ और लगभग 100 लीटर तैयार महुआ शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर प्रखंडवासियों द्वारा लंबे समय से कार्रवाई की मांग की जा रही थी। हाल में हुई शांति समिति की बैठक में भी प्रबुद्ध जनों ने नशाखोरी के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की थी। प्रशासन ने इस जन अपेक्षा के अनुरूप सख्त रुख अपनाते हुए इस अभियान को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को भी मौके पर नष्ट किया गया।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



● भूमि विवाद, विद्यालय नामांकन सहित कई मामलों पर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला समाहरणालय में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जन सुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता से सुनी और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस जन शिकायत शिविर में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, आंगनबाड़ी केंद्र में चयन में गड़बड़ी जैसे मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी मामलों का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बकरीद को लेकर चंदवा में निकाला गया फ्लैग मार्च

**चंदवा।** बकरीद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को चंदवा पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने की। यह मार्च चंदवा थाना परिसर से शुरू होकर गैरेज लेन, मेन रोड, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड़ होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक गया और वहां से पुनः थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और भाईचारे को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी को सोशल मीडिया पर शेयर न करें, बल्कि सत्यापन के बाद ही कोई संदेश साझा करें। फ्लैग मार्च में चंदवा थाना के एसआई सरोज सिंह, भीम यादव, शशि सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी और पुलिस जवान शामिल थे। मार्च के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

## कारा सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले



● सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ बंदियों की सुविधाएं बेहतर बनाने पर दिया गया जोर

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में शुक्रवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मेदिनीनगर केंद्रीय कारा की सुरक्षा व्यवस्था, संसाधनों की मजबूती और बंदियों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने जेल मैनुअल के अनुरूप सुरक्षात्मक उपाय अपनाने, मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने, नियमित स्वास्थ्य जांच, पेयजल, शौचालय, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मुलाकातियों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कारा की मुख्य दीवार को और ऊँचा किया जाएगा तथा उस पर कंटीले तार लगाए जाएंगे। पेयजल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए बोरिंग कराई जाएगी। सुरक्षा उपकरणों के सुचारू संचालन हेतु कारा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। स्थानीय थाना को कारा परिसर के आसपास गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया ताकि बाह्य सुरक्षा भी सुदृढ़ हो सके। कारा परिसर में स्थापित अस्पताल भवन की मरम्मत कार्य एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि कारा में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने चिकित्सक को नियमित रूप से उपस्थित रहकर कैदियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मी (एएनएम/जीएनएम) की प्रतिनियुक्ति कर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, कारा अधीक्षक भागीरथी कार्जी, जेलर आशीष कुमार, स्पेशल ब्रांच डीएसपी दीपक कुमार, सिविल सर्जन अनिल सिंह, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पलामू में दवा व्यवसाइयों की बैठक संपन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बनी रणनीति

**मेदिनीनगर।** पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की एक विस्तारित बैठक गुरुवार को संध्या 7:00 बजे नावाटोली स्थित होटल शिवाय ब्लू के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्रा ने की। इस मौके पर जिले भर के सैकड़ों थोक एवं खुदरा दवा व्यवसायी उपस्थित हुए।



अध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में दवा व्यवसाय से जुड़े लोगों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय को सरल, समृद्ध, न्यायसंगत और विकासोन्मुखी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास जरूरी हैं। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं गंभीरता से रखीं और सुझाव दिए कि व्यापार को भयमुक्त एवं स्वतंत्र माहौल में संचालित किया जाना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही जिला औषधि पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं के समाधान हेतु वार्ता करेगा। इस अवसर पर दो महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में औषधि प्रशासन से अनुरोध किया गया कि दवाओं के लाइसेंस के अनुरूप उनका वर्गीकरण कर बिक्री से जुड़े प्रावधानों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षित करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाए।

दूसरे प्रस्ताव में लाइसेंसिंग और निरीक्षण की प्रक्रिया को सरल, न्यायसंगत और व्यवसाय हितैषी बनाने की मांग की गई। फेडरेशन के संरक्षक और वरिष्ठ व्यवसायी मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि पलामू एक पिछड़ा जिला है, जहां सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी एवं अन्य गरीब वर्ग के लोग दवा व्यवसाय के माध्यम से न केवल जीविकोपार्जन करते हैं, बल्कि लोगों की सेवा भी करते हैं। ऐसे व्यवसायियों के हितों की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में हनी सिंहा, जितेंद्र कुमार, सतीश तिवारी, रमाकांत पांडे, संजय कुमार अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, आतिश अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, मनोज सिन्हा, उज्जवल सिन्हा, प्रवीण अग्रवाल, आशुतोष कुमार, ओमप्रकाश मेहता, मूनजी अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, राजेश प्रसाद गुप्ता, रवि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल सहित सैकड़ों दवा व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य कुलवंत सिंह नामधारी ने किया।

## राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की कार्यकारिणी समिति की बैठक 7 जून को

● राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह पर होगा विमर्श

**मेदिनीनगर।** राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी (आरएमटीए) की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 7 जून 2025, शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे, लता मंगेशकर चौक (को-ऑपरेटिव चौक) स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित तीरंदाजी, कराटे एवं मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण की प्रगति की समेकित समीक्षा की जाएगी। साथ ही 27 जून को चलानी किला, शाहपुर में आयोजित झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक में पलामू के विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की रूपरेखा एवं आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक की तैयारी समिति में सतीश कुमार, दाऊद केरकेट्टा, बालकिशुन उरांव, शंखनाथ सिंह, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजू कुमार प्रजापति एवं प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

## पत्रकार स्वामी दिव्यज्ञान को सुरक्षा देने की मांग, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने दैनिक उत्कल मेल के समाचार संपादक स्वामी दिव्यज्ञान (सौम्य मिश्र) को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त पलामू समीरा एस से व्यक्तिगत रूप से भेंट की। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि वे यह पत्र मुख्यमंत्री को अग्रेषित करेंगी। मिश्र ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि स्वामी दिव्यज्ञान को हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल्स द्वारा अपमानजनक टिप्पणियों, अश्लील आरोपों और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा है। उन्होंने भाजपा के संगठन संबंधी मुद्दों पर तथ्यात्मक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उन्हें मानसिक उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। पत्र में कहा गया है कि यह केवल व्यक्तिगत हमला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। भारत प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में पहले ही नीचे है, ऐसे में राज्य में स्वतंत्र पत्रकारों की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने पत्रकार को सुरक्षा देने और मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है, ताकि लोकतांत्रिक गरिमा बनी रहे।

### शिक्षकों को मिला नशा मुक्ति का प्रशिक्षण

## जिले में बने प्रहरी क्लब 6 से 26 जून तक चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

● विद्यालयों में होंगे प्रभात फेरी

● निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं

**मेदिनीनगर।** गृह कारा एवं आपदा विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पलामू जिले के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जिला स्कूल (प्लस टू उच्च विद्यालय), मेदिनीनगर के सभागार में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सभा प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य मादक




द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम, जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में नशामुक्त जीवन के प्रति सकारात्मक संदेश देना था।

**ड्रग्स और किशोर मानसिकता पर विस्तृत जानकारी :** प्रशिक्षण सत्र में जिला स्तरीय प्रशिक्षकों अभिषेक तिवारी, दीपक कुमार और दिलीप प्रसाद ने "ड्रग्स का प्रभाव", "लत के लक्षण", "किशोरावस्था में जोखिम", और "नशा से बचाव" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षकों को जानकारी दी। प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर दोस्तों के साथ मज़े के रूप में होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह लत में बदल जाती है। नशे के कारण युवाओं का व्यवहार, सोचने का तरीका, और स्वास्थ्य प्रभावित होता है और वे मौत के करीब पहुंचने लगते हैं। इस अवसर पर एपीओ मनोज मिश्रा, रोहित तिवारी, सतीश दुबे, राजीव सिंह और अरविंद कुमार सहित जिले के सभी प्लस टू और उच्च विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भी शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।

### प्रहरी क्लब का गठन और कार्य योजना घोषित

इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों में "प्रहरी क्लब" का गठन करने की घोषणा की गई, जो नशे की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण के लिए काम करेगा। इस क्लब की मदद से विद्यालय स्तर पर किशोरों को नशे से दूर रखने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 6 जून से 26 जून तक जिले भर के विद्यालयों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध, क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता, साइकिल रैली, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही, सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा के माध्यम से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को भी जागरूक किया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### कृषि सेक्टर से...

इस सिलसिले में कई योजनाएं चल रही है और आने वाले दिनों में कई और योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। आप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने साथ राज्य को मजबूत बनाने में सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेधा रागी लड्डू, मेधा सूधन खाद और जानवरों का चारा बनाने वाली मशीन- साइलेज को लांच किया।

मुख्यमंत्री ने कृषि...

एक समय था- जब जय जवान- जय किसान का नारा यह बताने के लिए ही काफी था कि हमारी अर्थव्यवस्था में किसानों की ताकत कितनी अहमियत रखती थी। हालांकि, आज परिस्थितियां बदली है, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृषि के बिना अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती है। किसानों के उत्पादों से लोगों का पेट भरता है। अगर अनाज का उत्पादन नहीं हो ,तो जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियों के बीच भी कृषि- पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आपके उत्पादित धान को सरकार क्रय करती है। किसानों को प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता देने के लिए कई योजनाएं हैं। हमारा मकसद कृषि को और मजबूती देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में तरह-तरह के कई उद्योग धंधे संचालित हैं। फैक्टरियों की वजह से पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इससे हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन, कृषि ही एक ऐसा सेक्टर है , जिससे सिर्फ फायदे ही फायदे हैं । खेतों में उपजने वाले अनाजों से पर्यावरण को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज अगर कुपोषण की समस्या बच्चों में तेजी से बढ़ रही है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं पौष्टिक भोजन का अभाव और रसायनयुक्त तथा नकली सामानों का इस्तेमाल बढ़ना बहुत बड़ा कारण है । अगर आज हमारे घर में गाय और अन्य पशु संसाधन हो तो हमें शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिलेगा, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा है।

### पशुपालकों को बीमा...

को बढ़ाना देने के लिए सरकार कार्य योजना बना रही है ।इसके तहत किसानों और पशुपालकों को दूध हेतु बाजार उपलब्ध कराने के साथ उचित कीमत भी दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें दुग्ध उत्पादन हेतु प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, सचिव अबू बकर सिद्दीक, निदेशक पशुपालन किरण पासी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और झारखंड मिल्क फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदेव विश्वास विशेष रूप से मौजूद थे।

### चाइल्ड केयर लीव...

याचिका पहले झारखंड हाईकोर्ट में क्यों नहीं दाखिल की। उनके वकील ने बताया कि हाईकोर्ट की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की वजह से याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं हो पाती, इसीलिए सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया। वकील ने कहा, वह समाज के सबसे निचले तबके से आने वाली एक एकल अभिभावक (सिंगल पैरेंट) हैं। उन्होंने यह भी बताया कि न्यायिक सेवा में उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है और ढाई साल में उन्होंने 4,000 से ज्यादा मामलों का निपटारा किया है। याचिका में कहा गया है कि चाइल्ड केयर लीव के लिए नियम के अनुसार, न्यायिक अधिकारी को पूरी सेवा अवधि में कुल 730 दिनों की छुट्टी का अधिकार है। लेकिन उन्होंने केवल छह महीने की छुट्टी ही मांगी थी।

### एलन मस्क के...

आवेदनों को भी मंजूरी मिली है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमारे सहयोगी इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि केंद्र द्वारा विशेष तौर पर सुरक्षा के लिहाज से उचित कदम उठाने के बाद स्टारलिंक को लाइसेंस दिया गया था। यह लाइसेंस मिलने के बाद यूटेलसैट के वनवेब और रिलायंस जियो के बाद स्टारलिंक भारत में सैटकॉम लाइसेंस वाली तीसरी कंपनी बन गई है जिसे आधिकारिक तौर पर सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) लाइसेंस द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन कहा जाता है।

### लोन सस्ते होंगे...

और प्रति वर्ष आप करीब 18,828 रुपए की बचत कर पाएंगे। क्रेडाई के सेक्रेटरी गौरव गुप्ता का कहना है कि आरबीआई मौद्रिक नीति में 50 आधार अंकों का रेपो रेट कट आना स्वागत योग्य कदम है। इससे घर खरीदारों के लिए ब्याज दरों को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि ब्याज दरों का कम होना केवल घर खरीदार के लिए लागत कम करने में मदद नहीं करता, बल्कि रियल एस्टेट अफोर्डेबिलिटी को भी बढ़ाता है। इसका देश के सभी सेक्टर्स पर सकारात्मक असर होगा। रेपो रेट में कमी से होम लोन ही नहीं, बल्कि पर्सनल लोन, कार लोन और अन्य प्रकार के लोन की ईएमआई में भी कमी आती है। ब्याज दरों में कमी करके केंद्रीय बैंक की कोशिश अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को बढ़ाना है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है।

### पाक जब 'ऑपरेशन सिंदूर'...

जनता अपनी पसंद से नुमाइंदे चुन सके, यहां चुनाव हो सके। ये आतंकवाद के चलते बड़ी चुनौती बन गया था। आतंकवाद के चलते जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतनी बर्बादी देखी थी कि यहां के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही अपना भाग्य मान लिया था। जम्मू-कश्मीर को इस स्थिति से निकालना जरूरी था और हमने ये करके दिखाया है। आज जम्मू-कश्मीर का नौजवान नए सपने भी देख रहा है और उन्हें पूरा भी कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है, ईद की उमंग भी हम चारों तरफ देख रहे हैं। विकास का जो वातावरण जम्मू-कश्मीर में बना था, वो पहलगाम के हमले से हिलने वाला नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लोगों से मेरा ये वादा है कि विकास को रुकने नहीं दूंगा; यहां के युवाओं के सपने पूरा करने से कोई भी बाधा अगर रुकावट बनती है तो उस बाधा को पहले मोदी का सामना करना पड़ेगा। आज 6 जून है, संयोग से ठीक एक महीने पहले, 6 मई की ही रात पाकिस्तान के आतंकियों पर कयामत बरसी थी। अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तानी फौज और आतंकियों ने कभी नहीं सोचा था कि भारत, पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर इस तरह वार करेगा। वर्षों की मेहनत से उन्होंने आतंक की जो इमारतें बनाई थीं, वो कुछ ही मिनटों में खंडहर बन गईं। ये देखकर पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है और उसने अपना गुस्सा जम्मू के पुंछ और दूसरे जिलों के लोगों पर भी निकाला। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान ने यहां घर उजाड़े, बच्चों पर गोले फेंके। स्कूल, अस्पताल तबाह किए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे पर गोलाबारी की। जिस तरह से आपने पाकिस्तान के हमलों का मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा है। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर पाकिस्तानी गोलीबारी से हुए नुकसान के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिन घरों में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है, उन्हें 2 लाख रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। जो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें एक लाख रुपये की मदद दी जाएगी।

### कोरोना के सक्रिय...

आंकड़ों के अनुसार कोरोना से मरने वालों में एक मरीज केरल, कर्नाटक से दो और एक मौत पंजाब से रिपोर्ट हुई है। सभी मृतकों की आयु 65 से अधिक थी। यह लोग गंभीर रूप से बीमार थे। केरल 1,679 मामलों के साथ चार्ट में सबसे आगे है, उसके बाद गुजरात (615), पश्चिम बंगाल (596) और दिल्ली (562) है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, आज दिल्ली में 5 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ 124 नए कोरोना मामले दर्ज किए गए ।

# सर्वोच्च न्यायालय ने विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या पर नेशनल टास्क फोर्स बनाई

## एनसीआरबी के 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, 13,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की

- नेशनल टास्क फोर्स के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एस रविंद्र भट हैं
- छात्रों से जुड़े आंकड़े अक्सर कम बताए जाते हैं या गलत तरीके से रिपोर्ट किए जाते हैं
- बीते 10 सालों में आत्महत्या के मामले चार गुना बढ़ गए हैं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को रोकने के लिए एक नेशनल टास्क फोर्स बनाई है। यह नेशनल टास्क फोर्स इस समस्या की जड़ तक जाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएगी। नेशनल टास्क फोर्स एक्सपर्ट्स की मदद से प्रश्नावली तैयार करेगी। ये प्रश्नावली स्कूलों, कोचिंग सेंटर्स, छात्रों, पेरेंट्स, पुलिस और हेल्थ वर्कर्स को भेजे जाएंगे। इसका मकसद छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या के कारणों व संस्थानों में मौजूद सुविधाओं के बारे में गहराई से जानकारी जुटाना है। इससे भविष्य में इस समस्या को दूर करने के लिए बेहतर योजनाएं बनाई जा सकेंगी। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझने के लिए एनटीएफ काउंसलर्स व साइकोलॉजिस्ट्स के साथ मिलकर काम करेगी। इससे छात्रों की प्रोफाइल, आत्महत्या के कारणों और उनसे संपर्क करने के तरीकों का पता लगाया जा सकेगा। एनटीएफ ने यह भी कहा है कि संस्थानों में काउंसलिंग की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए और फुल-टाइम काउंसलर्स होने चाहिए।



- **एनटीएफ को एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है**
- **छात्रों की आत्महत्या के प्रमुख कारणों की पहचान**
- **मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य का विश्लेषण**
- **एनटीएफ को शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण करने का अधिकार रहेगा**

***छात्रों के लिए सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें :*** *नेशनल टास्क फोर्स के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एस रविंद्र भट हैं। नेशनल टास्क फोर्स जल्द ही सभी राज्यों में विस्तृत प्रश्नावली भेजेगी। इससे छात्रों की समस्या को 360 डिग्री के नजरिए से समझा जा सकेगा।*

### हर ग्रुप के लिए अलग-अलग प्रश्नावली बनाए जा रहे

हर ग्रुप के लिए अलग-अलग प्रश्नावली बनाए जा रहे हैं। इससे जो जानकारी मिलेगी, उसे लिंग, जाति, विकलांगता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। शिक्षा मंत्रालय जल्द ही सभी राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, एआईसीटीई, सीबीएसई व केंद्रीय विद्यालयों जैसे संस्थानों को प्रश्नावली भेजेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा जानकारी मिल सकेगी।सबसे पहले दिल्ली और बेंगलुरु के कुछ संस्थानों में एक पायलट स्टडी की जा सकती है। नेशनल टास्क फोर्स सभी लोगों से मिलने के लिए मौके पर भी जाएगी, खासकर उन जगहों पर जहां आत्महत्या की दर ज्यादा है।

### नेशनल टास्क फोर्स ने इस काम के लिए चार मुख्य समूहों को चुना है

1. छात्र, पैरेंट्स और वे लोग जो आत्महत्या करने से बच गए।
2. स्कूलों और कोचिंग सेंटर्स के शिक्षक।
3. हेल्थ प्रोफेशनल।
4. पुलिस।

### टास्क फोर्स कारणों की तह तक जाएगी

एक चिंता यह भी है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो आत्महत्या से जुड़े आंकड़े तो जुटाता है, लेकिन छात्रों से जुड़े आंकड़े अक्सर कम बताए जाते हैं या गलत तरीके से रिपोर्ट किए जाते हैं। नेशनल टास्क फोर्स इस बात का पता लगाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि संस्थानों में ज्यादा पारदर्शिता हो।टास्क फोर्स की पहली मीटिंग 25 मार्च को हुई थी। इसके बाद से कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और 3-4 वर्किंग ग्रुप बनाए गए हैं। रिसर्च ग्रुप पुरानी रिपोर्ट्स और रिसर्च को इकट्ठा करेगा और उनका विश्लेषण करेगा। इसके अलावा, यह ग्रुप मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े नियमों को भी देखेगा। फील्ड विजिट्स ग्रुप अलग-अलग लोगों से बातचीत करेगा। डेटा कलेक्शन ग्रुप प्रश्नावली से मिली जानकारी को इकट्ठा करेगा।टास्क फोर्स में शिक्षा मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कानूनी मामलों के विभाग के सचिव शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें जाने-माने मनोचिकित्सक, क्लीनिकल साइकोलॉजी के एक्सपर्ट्स और सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधि भी हैं।छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। 2025 में कोचिंग हब कोटा में एक दर्जन से ज्यादा आत्महत्याएं हुई हैं। इसके अलावा, ओडिशा के केआईआईटी में भी कई मामले सामने आए हैं। आत्महत्या के कारण परीक्षा में फेल होने का डर, रिलेशनशिप की समस्याएं और सामाजिक-आर्थिक मुद्दे हैं। एनटीएफ आईआईटी दिल्ली के दो छात्रों के आत्महत्या के मामले को भी देख रही है। यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।बीते दस सालों में आत्महत्या के मामले चार गुना बढ़ गए हैं। एनसीआरबी के 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, 13,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। आत्महत्या करने वालों में लगभग 7.6% छात्र थे। यह संख्या पिछले 8-10 सालों में लगातार बढ़ रही है।यह ट्रेंड सभी राज्यों में देखने को मिल रहा है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, छात्रों द्वारा की गई कुल आत्महत्याओं में से 13.5% महाराष्ट्र में (13,044 में से 1,764 आत्महत्याएं), 10.9% तमिलनाडु में (1,416), 10.3% मध्य प्रदेश में (1,340) और 8.1% उत्तर प्रदेश में (1,060) दर्ज की गईं।सुप्रीम कोर्ट की बनाई गई नेशनल टास्क फोर्स अब इस समस्या को कम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नेशनल टास्क फोर्स का लक्ष्य है कि छात्रों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिले और आत्महत्या के मामलों को कम किया जा सके। इसके लिए सभी संबंधित लोगों से बात की जाएगी और उनकी राय ली जाएगी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का हुआ उद्घाटन

**"मैं 8वीं में पढ़ता था जब इस परियोजना की नींव रखी गई थी, अब मैं 55 साल का हूं और आखिरकार इसका उद्घाटन हो गया है"**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे और वहां उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया, श्री माता वैष्णो देवी कटरा व श्रीनगर के बीच चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। अंजी नदी पर भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे पुल अंजी पुल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कटरा में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जो कहा उससे पीएम व एलजी हंसते हुए कटाक्ष महसूस करते रहे।। उमर अब्दुल्ला ने कहा, "आप जब पहली बार पीएम बने थे, आपने यहां माता की कृपा से कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया था, उसके बाद लगातार तीन बार इलेक्शन जीत कर आप पीएम बने रहे। आपके साथ उस समय हमारे एलजी मनोज सिन्हा साहब रेल राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मनोज सिन्हा साहब का यदि देखें तो माता की कृपा से प्रमोशन हुआ, मेरी अगर आप मानें तो थोड़ा सा डिमोशन हुआ मैं रियासत का सीएम था, अब यूटी का सीएम हूं मैं मानकर चल रहा हूं कि इसको दुरुस्त होने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी और आपके हाथों ही जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा मिलेगा।"



"यह तभी संभव हो सका जब अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की परियोजना' का दर्जा दिया और इसका बजट बढ़ाया" : उमर अब्दुल्ला

मालूम हो कि मोदी सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था। उमर अब्दुल्ला लगातार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा, "पीएम साहब, इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे अंग्रेजों ने भी ये सपना देखा था लेकिन वो पूरा कर नहीं पाए, उनका सपना था कि वो झेलम के किनारे रेल लाकर पूरे देश से कश्मीर को जोड़ें लेकिन जो अंग्रेज नहीं कर पाए, वो आपके हाथों पूरा हुआ और कश्मीर की वादी को बाकी मुल्क के साथ जोड़ दिया।"पीएम मोदी ने कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, "इस अवसर पर, यदि मैं पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र न करूं और उनका शुक्रिया अदा न करूं तो यह एक गलती होगी, मैं 8वीं में पढ़ता था जब इस परियोजना की नींव रखी गई थी। अब मैं 55 साल का हूं और आखिरकार इसका उद्घाटन हो गया है। यह तभी संभव हो सका जब अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की परियोजना' का दर्जा दिया और इसका बजट बढ़ाया। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को हर तरह से बहुत फायदा होगा।"सीएम ने कहा, "ऐसी ही कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं, चाहे वह जम्मू रिंग रोड हो, श्रीनगर रिंग रोड हो, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे हो, जम्मू-श्रीनगर फोर लेन हाईवे हो, जम्मू और श्रीनगर हवाई अड्डों का विस्तार हो, और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हो। हम विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू और कश्मीर के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैं जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की ओर से प्रधानमंत्री जी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं।

## इजराइली सेना कर सकती है ग्रेटा थनबर्ग को गिरफ्तार

**तेल अवीव ।** स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जहाज से गाजा की यात्रा पर निकली हैं। वे अपने साथ गाजा के लोगों के लिए दवा, अनाज, बच्चों के लिए दूध, डाइपर और वाटर प्यूरीफायर ले जा रही हैं। इसमें उनके साथ 11 और लोग हैं जो 'मैडलीन' नाम के एक जहाज पर सवार हैं। थनबर्ग अपनी टीम के साथ इटली के सिसली द्वीप से 1 जून को रवाना हुई थी। अगर कोई रुकावट नहीं हुई तो 2000 किमी की दूरी तय कर मैडलीन जहाज 7 जून यानी कि ईद के दिन गाजा पहुंच जाएगा। इस यात्रा का मकसद सिर्फ मदद पहुंचाना ही नहीं, बल्कि इजराइल द्वारा गाजा पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जताना भी है। इस बीच इजराइल ने ग्रेटा थनबर्ग की इस यात्रा को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इजराइली सेना ने कहा कि वे जरूरत पड़ने पर जरूरी कदम उठाएंगे।

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा जवाबी हमला**

## 400 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं हमले में 4 की मौत, 50 घायल

मॉस्को । एजेंसी

रूस ने बीती रात यूक्रेन की राजधानी कीव और प्रमुख शहरों पर 400 से ज्यादा ड्रोन और 40 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत के एक दिन बाद हुआ। इन हमलों में यूक्रेन के 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 से ज्यादा से घायल हैं। रूस के हमले के बीच सभी यूक्रेनी क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी कर दी गई है। यूक्रेन की एयरफोर्स ने कहा कि रूस के Tu-95MS बाम्बर एयरक्राफ्ट ने क्रूज मिसाइलें दागीं है। यूक्रेन के कीव, टर्नोपिल, खमेलनित्सकी, ल्विव और लुत्स्क से विस्फोटों की खबरें सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 4 जून को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर करीब 75 मिनट बात की थी। ट्रम्प ने बताया था कि पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन की तरफ से हाल ही में रूस के अंदर किए गए ड्रोन अटैक का बदला लेंगे। यूक्रेन ने 1 जून को रूस के एयरबेस पर ड्रोन हमला किया था।



# अमेरिका से ट्रंप टैलेंट भगा रहे, कनाडा फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन बुला रहे

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन विदेशी स्टूडेंट्स के अमेरिका में प्रवेश को 6 महीने के लिए स्थगित कर दिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ना चाहते हैं या एक्सचेंज प्रोग्राम में भागीदारी करना चाहते हैं। यही नहीं, ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड के साथ किए गए 10 करोड़ डॉलर के संघीय करार को रद्द करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। 14 अप्रैल को उसने हार्वर्ड को दी जाने वाली 220 करोड़ डॉलर की रकम रोकने का फैसला किया था। आरोप है कि वहां कट्टरपंथी और यहूदी विरोधी माहौल है। ट्रंप प्रशासन इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ रहा है।बात केवल हार्वर्ड की नहीं है। नासा, नेशनल साइंस फाउंडेशन और कई अन्य संस्थाओं के बजट में भी 40 से 55 % कटौती प्रस्तावित है। इसके बाद कई विश्वविद्यालयों ने नई भर्तियां बंद कर दी हैं। कुछ संस्थानों ने रिसर्च स्कॉलर के दाखिले तक रोक दिए हैं। तो क्या अमेरिका साइंस और साइंटिफिक रिसर्च का अगुआ नहीं रहेगा? ध्यान रहे, इंटरनेट, मोबाइल फोन, कैंसर और दिल की बीमारियों के इलाज जैसी ऐतिहासिक खोज अमेरिका में ही हुई है।ट्रंप के इन फैसलों से कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया की बन आई है। कनाडा ने 'कनाडा लीड्स' नाम से भर्ती अभियान शुरू किया है, जिसमें अमेरिका से युवा बायोमेडिकल वैज्ञानिकों को बुलाना है। फ्रांस की एक्स मार्से यूनिवर्सिटी ने 'सेफ प्लेस फॉर साइंस' प्रोग्राम चलाया है। उसे अब तक 300 आवेदन मिले हैं, जिनमें 139 अमेरिका से हैं। जर्मनी की मैक्स प्लांक सोसाइटी के 'लीजे माइटनर प्रोग्राम' को इस साल अमेरिका से तीन गुना ज्यादा आवेदन मिले। ऑस्ट्रेलिया ने भी 'ग्लोबल टैलेंट अट्रैक्शन प्रोग्राम' का ऐलान किया है, जिसमें आकर्षक वेतन और स्थानांतरण पैकेज दिए जा रहे हैं। ब्रिटेन की एक ग्लोबल रिक्रूटमेंट फर्म के अनुसार, अमेरिका से आने वाले 'कोल्ड कॉल' यानी खुद से नौकरी की पूछताछ में 25 से 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अचरज है भारतीय अकादमिक और बौद्धिक वर्ग की इस पर प्रतिक्रिया नहीं आई है और वैज्ञानिक समुदाय कैसा महसूस कर रहा है, यह भी नहीं पता चला है। लेकिन अमेरिकी रिसर्च नेटवर्क टूटा तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। भारत के वैज्ञानिक संस्थान कई वर्षों से निष्क्रिय से दिख रहे हैं। कोविड की जो वैक्सीन आनन-फानन में बनी, उस पर अभी तक संशय बरकरार है। रक्षा और अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसंधान को छोड़ ऐसी कोई बड़ी भारतीय वैज्ञानिक खोज, जिसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया हो, पिछले काफी समय से उसका इंतजार है। देश में सरकारी और निजी यूनिवर्सिटियों के बीच 'टैलंट वॉर' भी छिड़ी हुई है, जिसमें निजी संस्थानों की साख में होते इजाफे ने टैलंट बाजार का रुख मोड़ रखा है। लेकिन अभी निजी विश्वविद्यालयों की उम्र इतनी नहीं हुई है कि इनका पैदा किया टैलंट सामने आए। अभी भी सरकार के पैसे से चलने वाले संस्थान इसमें अव्वल हैं। ट्रंप पिछले कार्यकाल में मेक्सिकन वॉल को लेकर बेहद मुखर थे। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि यदि ये दोबारा आ गए तो टैलेंट को भी रोकने की दीवार बना देंगे। हार्वर्ड किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी का ख्वाब रहा है। पहुंच से दूर, ऐसे सपने देखने का भी साहस सभी को नहीं होता। लेकिन ऐसा ख्वाब टूट जाए, इसे वह भी मुश्किल से ही बर्दाश्त कर पाएगा जो हार्वर्ड जाने का ख्वाब देखने से भी डरता है।और अब तो ट्रंप गैर अमेरिकी देशों के प्रतिभाशालियों के बड़े सपनों के यमराज ही बन गये हैं।



# आईस्पेस का रेजिलिएंस लैंडर चांद पर क्रैश, लगातार दूसरी नाकामी

**टोक्यो ।** जापान की निजी स्पेस कंपनी आईस्पेस का चंद्रयान Resilience (रेजिलिएंस) शुक्रवार को चांद की सतह पर उतरने से चंद सेकंड पहले क्रैश हो गया। लैंडिंग से करीब दो मिनट पहले लैंडर का संपर्क टूट गया और मिशन फेल घोषित कर दिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडर की ऊंचाई मापने वाली लेजर प्रणाली ठीक से काम नहीं कर पाई और लैंडर बहुत तेजी से नीचे आ गया, जिससे वह चांद पर जोर से टकरा गया। यह ispace की चांद पर दूसरी कोशिश थी। इससे पहले साल 2022-23 में कंपनी का पहला लूनर मिशन भी क्रैश हो गया था। रेजिलिएंस नाम का यह लैंडर 2.3 मीटर लंबा था और इसे इस साल जनवरी में फ्लोरिडा (अमेरिका) से लॉन्च किया गया था। पिछले महीने यह चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था।

## बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे चुनाव

**ढाका ।** बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में आम चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार शाम इसका ऐलान किया।यूनुस ने बताया कि अगले साल तक चुनाव के लिए जरूरी सभी रिफॉर्म पूरे कर लिए जाएंगे। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का चीफ एडवाइजर बनाया गया था। बांग्लादेश के आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमा 22 मई को सैन्य मुख्यालय में एक अधिकारियों को संबोधित किया था। इस दौरान सेना और अंतरिम सरकार के बीच टकराव खुलकर सामने आया था।






**कहानी फिल्म जगत की**

मुजम्मिल इब्राहिम ने खुलासा किया है कि वह बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण के साथ दो साल तक रिलेशनशिप में थे। यह तब था जब वह मुंबई आई थीं और मॉडलिंग करियर की शुरुआत कर रही थीं। सिद्धार्थ कन्नन के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, मुजम्मिल ने अपने साथ बिताए समय के बारे में अंतरंग विवरण साझा किए, अपनी साधारण शुरुआत और यादगार डेट्स को याद किया। दीपिका पादुकोण का पहला रिलेशनशिप मॉडल से एक्टर बने मुजम्मिल इब्राहिम के साथ था। हाल ही में एक इंटरव्यू में मुजम्मिल ने इस रिलेशनशिप के बारे में कई बातें शेयर कीं। सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दीपिका उनसे मॉडलिंग के दिनों में मिली थीं। जब वे दोनों टॉमी हिलफिगर के लिए साथ में रैंप वॉक कर रहे थे।

# दीपिका ने इब्राहिम को किया था 2 साल तक डेट

### ब्रेकअप कैसे हुआ?

उन्होंने आगे कहा, 'दीपिका बहुत अच्छी लड़की हैं। हम अच्छे दोस्त थे और अब भी हैं। उस समय वह एक मॉडल थी और मैं फिल्मों में आ चुका था।' जब उनसे ब्रेकअप की वजह पूछी गई तो मुजम्मिल ने बताया कि उन्होंने रिश्ता खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, 'यह मेरा पहला गंभीर रिश्ता था। मैंने दीपिका को छोड़ दिया, लेकिन मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है।



मुजम्मिल इब्राहिम